

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 9 अगस्त 2026 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-132 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## जेन Z हमारे बच्चे, गुमराह किए गए

### धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफे के बाद पहली बार तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली,9 अगस्त।** धर्मेंद्र प्रधान ने नीट पेपर लीक विवाद पर शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफे के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर अपनी चुप्पी तोड़ी. संबलपुर के सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि नीट पेपर लीक मामले को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शनों के दौरान जेन जी को गुमराह करने की कोशिशें की गईं. लेकिन पद उनके लिए कभी महत्वपूर्ण नहीं रहा. उन्होंने कहा कि खुद पीएम से अपने इस्तीफे की पेशकश की थी. कॉकरोच पार्टी प्रोटेस्ट के बाद इस्तीफा देने वाले पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि जेन जी हमारे ही बच्चे हैं. कुछ लोगों के द्वारा वे लोग गुमराह हो रहे



है.दिल्ली के जंतर-मंतर पर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के मुद्दे को लेकर हुए भारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच पद छोड़ने के करीब दो हफ्ते बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर अपनी चुप्पी तोड़ी. प्रधान ने शनिवार को भुवनेश्वर की जीएम यूनिवर्सिटी में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए अपने इस्तीफे पर बात की.

आपको याद दिल दे कि नीट पेपर लीक विवाद को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के बीच उन्होंने 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था.उन्होंने ने आगे कहा कि भारत में हर साल कम से कम दो करोड़ बच्चे पैदा होते हैं. पिछले 10 सालों में 20 करोड़ बच्चे पैदा हुए. उनकी अपनी उम्मीदें हैं और वे भारत को विश्व गुरु बनाएंगे. मेरे लिए पद महत्वपूर्ण नहीं था. बस इसी बात का अफसोस है कि हमारे बच्चे भ्रमित गो रहे है. उन्होंने कार्यक्रम के दौरान प्रधान ने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बीजद कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन और उन्हें वापस जाओ के नारे लगाए जाने से वह परेशान नहीं हैं. मैं किसान का बेटा हूं. आप मुझे वापस जाने के लिए कहेंगे, तब भी मैं वापस आऊंगा. क्योंकि मैंने ओडिशा के लोगों को शर्मिंदा करने वाला कोई काम ही नहीं किया है.

### बारामती एयरपोर्ट पर प्लेन दुर्घटनाग्रस्त

**पुणे,9 अगस्त।** बारामती एयरपोर्ट पर एक प्राइवेट कंपनी का ट्रैनी विमान क्रैश लैंडिंग का शिकार हुआ है। करीब सात महीने पहले महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार भी यहीं पर एक विमान हादसे का शिकार हो गए थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक रविवार को दोपहर करीब 12.35 पर यह विमान रनवे से थोड़ी दूरी पर क्रैश हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, जबकि एयरक्राफ्ट को भी मामूली नुकसान पहुंचा है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी इस घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, "हम जांच कर रहे हैं कि क्या विमान में कोई तकनीकी खराबी आई थी या कोई और समस्या थी। अभी किसी भी चीज पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी।" पुणे के एसपी संदीप सिंह गिल ने कुछ और जानकारी देते हुए बताया कि लैंडिंग के दौरान विमान फिसल गया।

### इजरायल ने रद्द की सभी मिलिट्री छुट्टियां

**यरूशलम,9 अगस्त।** अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है। इस बीच इजरायल ने बड़ा कदम उठाया है। इजरायली सैन्य बलों ने सभी मिलिट्री छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान पर नए बड़े हमले की तैयारी कर सकते हैं। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है। संभव है कि बहुत जल्द ही अच्छी खबर सामने आए। इस बीच एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। खबर है कि इजरायल की सैन्य बलों ने सभी सैन्य छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सूत्रों के अनुसार, इस कदम से संकेत मिलते हैं कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान पर नए हमले की तैयारी कर सकते हैं। इजरायली चैनल 13 के अनुसार, यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब इजरायल कथित तौर पर तेहरान के खिलाफ एकतरफा सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

## हाईकोर्ट ने पुलिस अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग आदेश पर लगाई रोक

**बिलासपुर,9अगस्त।** हाईकोर्ट ने पुलिस अफसरों के ट्रांसफर पोस्टिंग आदेश पर रोक लगा दी है. सीनियर अफसर की अनदेखी और जूनियर अफसर को एसपी का प्रभार देने के आरोपों के बीच यह विवाद अब हाईकोर्ट पहुंच गया है. कोर्ट ने मामले में राज्य शासन समेत अन्य से जवाब मांगा गया है. मामले की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बैंच में हुई, अब 23 सितंबर को मामले की अगली सुनवाई होगी. बता दें कि एक महिला पुलिस अफसर ने वरिष्ठता सूची की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की है. दरअसल, राज्य शासन की ओर से 20 जुलाई को पुलिस अफसरों का ट्रांसफर-पोस्टिंग आदेश जारी किया गया, जिसमें उन्हें एसपी और कमांडेंट का प्रभार दिया गया है. एडिशनल एसपी ऋचा मिश्रा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. जिसमें कहा गया है कि एडिशनल एसपी की ग्रेडेशन लिस्ट में याचिकाकर्ता का नाम 35वें नंबर पर है. इसके बाद भी जूनियर अफसरों को एसपी और कमांडेंट का प्रभार दे दिया गया है. याचिकाकर्ता ऋचा मिश्रा के सीनियर होते हुए जूनियर अफसरों का नाम लिस्ट में हैं. जबकि सीनियर होने के बावजूद ऋचा मिश्रा को डिप्टी कमांडेंट के पद पर पोस्टेड कर दिया गया है. याचिका में राज्य सरकार के 14 जुलाई 2014 के सर्कुलर का हवाला दिया गया, जिसमें स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी सीनियर अधिकारी को सुपरसीड कर जूनियर अफसर को उच्च पद का प्रभार नहीं दिया जाएगा. मामले में हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए 20 जुलाई 2026 को जारी आदेश के क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार समेत अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब मांगा है.

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का नया रोस्टर जारी

बिलासपुर,9 अगस्त। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सोमवार से नया रोस्टर लागू होगा. चीफ जस्टिस की ओर से जारी रोस्टर में डिविजन बेंच और सिंगल बेंच के लिए अलग-अलग मामलों का निर्धारण किया गया है.

इस बार भी 4 डिवीजन बेंचों में सुनवाई की जाएगी. रोस्टर के अनुसार डिविजन बेंच-1 में चीफ जस्टिस और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच जनहित याचिका, रिट अपील, हेबियस कॉर्पस, आपराधिक अपील समेत अन्य मामलों की सुनवाई करेगी. डिविजन बेंच-2 में जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल आपराधिक मामलों और वर्ष 2022 तक के अल्ट्रा वायर्स मामलों की सुनवाई करेंगे.



## नदी में पलटी नाव, सभी सवार सुरक्षित

**कांकेर,9 अगस्त।** जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के बेचाघाट से बड़ी खबर सामने आई है। यहां कोटरी नदी में सवारियों से भरी नाव अचानक रेत के टीले से टकराकर पलट गई। नाव में उस वक्त करीब 12 लोग सवार थे। नाव पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत नदी में पहुंचकर नाव में सवार सभी 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि नदी में रेत का टीला होने के कारण नाव उससे टकरा गई, जिसके बाद संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय स्तर पर भी हलचल बढ़ गई। फिलहाल सभी लोगों के सुरक्षित होने से राहत की स्थिति है।

## कथित चंगाई सभा को लेकर बवाल

**धमतरी,9 अगस्त।** शहर के वंदना विहार कॉलोनी में एक घर में कथित रूप से चल रही प्रार्थना सभा को लेकर आज जमकर हंगामा हुआ। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और सभा के जरिए धर्म परिवर्तन कराए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मामला धमतरी के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि वंदना विहार कॉलोनी में लक्ष्मण सिंह के घर पर प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विरोध जताते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। मंच के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यहां कथित तौर पर चंगाई सभा आयोजित की जा रही थी।

संगठन ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश और बिहार से लोगों को काम दिलाने के नाम पर बुलाया जाता है और बाद में उन्हें इस तरह की सभाओं में शामिल किया जाता है। हिंदू जागरण मंच ने आरोप लगाया कि सभा में शामिल लोगों को बहला-फुसलाकर और पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संगठन ने यह भी दावा किया कि इस तरह की गतिविधियों के लिए बाहर से फंडिंग आने की बात सामने आ रही है।

## अडानी-मोदी के इशारे पर नाच रही सरकार : संजय सिंह

रायपुर,9 अगस्त। छत्तीसगढ़ पहुंचते ही आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों का हक मारा जा रहा है. पेसा कानून का मजाक उड़ाया जा रहा है. आदिवासी समाज के लोगों में गुस्सा है. यहां के मुख्यमंत्री आदिवासी समाज से आते हैं, लेकिन उनको डायरेक्शन अडानी और मोदी से आता है. छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार आज की तारीख में केंद्र सरकार के इशारे पर नाचने वाली सरकार है. गरियाबंद में आदिवासी दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सांसद संजय सिंह ने मीडिया से पेपर लीक पर चर्चा करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पूरे देश में छात्र आंदोलन कर रहे हैं. 2015 से लेकर अब तक 148 पेपर लीक हुए हैं. एक पेपर लीक छत्तीसगढ़ में भी हुआ. महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तराखंड समेत भाजपा शासित राज्यों में पेपर लीक हुए. सभी जगह भारतीय जनता पार्टी के लोग पेपर लीक में शामिल है. उन्होंने कहा कि हमसे कहा कि झारखंड क्यों नहीं गए है? अभी वहां आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय में पेपर लीक हुआ था. इस प्रकार से वहां आरोप-प्रत्यारोप में मामला सही नहीं होगा. UPSC के छात्र आए थे.



### मुख्यमंत्री साय ने सांसद संजय सिंह के 'हाईजैक' वाले बयान को नकारा

## डबल इंजन सरकार की वजह से छत्तीसगढ़ का तेजी से हुआ विकास

**रायपुर,9 अगस्त।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार के प्रदेश सरकार को हाईजैक करने वाले बयान को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नकार दिया है. उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है. बीते ढाई सालों में डबल इंजन की सरकार की वजह से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है. अपने विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में सांसद संजय सिंह के बयान पर कहा कि छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी के हर काम को पूरा कर रहे हैं. 18 लाख प्रधानमंत्री आवास किसानों का वादा पूरा कर रहे हैं. 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को महतारी बंधन का पैसा हम दे रहे हैं. सभी क्षेत्र में विकास हो रहा है. बहुत अच्छा काम हो रहा है. E20 पेट्रोल को लेकर 'मोदी सिर्फ वोटों की भाषा समझते हैं' वाले अरविंद केजरीवाल के बयान पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जिस तरह से मोदी जी 12 सालों में देश को आगे ले जा रहे हैं. उनका नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास. आज हर क्षेत्र में तेजी से देश विकास कर रहा है. इसको पूरा देश जान रहा है. चाहे वह आर्थिक क्षेत्र हो. 12 साल पहले दसवें स्थान पर देश था, उसे चौथे स्थान पर लाकर खड़ा किए हैं. नए भारत का निर्माण कर रहे हैं. इसको पूरा देश देख रहा है. अगले हफ़्ते संसद में 'विदेशी योगदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026' को पेश किए जाने के संदर्भ में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम इसका स्वागत है. इससे देश को लाभ होगा.



**कांग्रेस के पास नहीं कोई मुद्दा**-बस्तर के कई गांवों में पहली बार तिरंगा फहराए जाने को प्रोपगेंडा बताए जाने पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अब कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है. कायदे से खुश होना चाहिए, क्योंकि 4 दशकों से ज्यादा समय तक बस्तर नक्सलवाद से ग्रसित रहा है, जिसके खात्मे के बाद अब 90 से ज्यादा गांवों में तिरंगा फहराया जाएगा.

### राष्ट्रपति मुर्मू से मिले विधायक पुरंदर

**रायपुर,9 अगस्त।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में विधायक पुरंदर मिश्रा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को रायपुर में आयोजित होने वाले नुआखाई पर्व में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया. इस दौरान भाजपा विधायक ने राष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति,



लोक परंपराओं, सामाजिक समरसता और नुआखाई पर्व के सांस्कृतिक महत्व से भी अवगत कराया. विधायक पुरंदर मिश्रा बताया कि नुआखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि नई फसल, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, पारिवारिक एकजुटता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है. भगवान श्री जगन्नाथ की पावन परंपरा से जुड़े इस आयोजन का छत्तीसगढ़ में विशेष सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व है.

## टर्बुलेंस का शिकार हुए विमान का पायलट डोप टेस्ट में फेल

**मुंबई,9 अगस्त।** 4 अगस्त को टर्बुलेंस का शिकार हुई एयर इंडिया की फुकेट-दिल्ली फ्लाइट को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, लैंडिंग के बाद जब फ्लाइट के कैप्टन का डोप टेस्ट कराया गया, तो उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। एयरलाइन ने इस खबर की न तो पुष्टि की है और न ही इससे इनकार किया है। एयर इंडिया




के प्रवक्ता का कहना है कि नियमों के तहत पायलटों का स्क्रीनिंग टेस्ट हुआ था, लेकिन इसके नतीजे उनके साथ शेयर नहीं किए गए हैं, इसलिए वे इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं कर सकते। इस फ्लाइट में कुल 145 लोग सवार थे। ओडिशा के पास अचानक विमान को टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा, जिससे प्लेन अचानक 300 फीट नीचे आ गिरा। दिल्ली पहुंचने के बाद 13 यात्रियों और 4 क्रू मेंबर्स को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। एयरलाइन का कहना है कि वे नियमों के तहत क्रू मेंबर्स का रेगुलर ड्रग टेस्ट करते हैं और जांच अधिकारियों का पूरा सहयोग कर रहे हैं।

विमानन नियामक डीजीसीए इस पूरी घटना की हर पहलू से जांच कर रहा है। जांच में यह देखा जा रहा है कि टर्बुलेंस को सही तरीके से संभाला गया या नहीं, झटकों से कोई तकनीकी खराबी (जैसे हाइड्रोलिक फेलियर) तो नहीं हुई, और क्या विमान को दिल्ली लाने के बजाय वाराणसी या लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग करानी चाहिए थी।

प्रोटोकॉल के तहत जांच पूरी होने तक फ्लाइट क्रू को उड़ानों से हटा दिया गया है। डीजीसीए के नियमों के मुताबिक, अगर कोई पायलट पहली बार डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाया जाता है, तो उसे रिहैबिलिटेशन के लिए भेजा जाता है और रिपोर्ट नेगेटिव आने पर ही वापस ड्यूटी मिलती है। दूसरी बार पॉजिटिव आने पर लाइसेंस 3 साल के लिए सस्पेंड और तीसरी बार में लाइसेंस हमेशा के लिए रद्द कर दिया जाता है।

### मामले में आया नया मोड़

इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन के नियमों के अनुसार, कोई भी पायलट ऐसे किसी भी नशीले या दिमाग पर असर डालने वाले पदार्थ के प्रभाव में विमान नहीं उड़ा सकता। जांच में आमतौर पर इस बात का ध्यान रखा जाता है कि आपात स्थिति में पायलट ने हालात को कैसे संभाला, लेकिन कैप्टन के डोप टेस्ट में पॉजिटिव आने से इस जांच में एक बेहद गंभीर मोड़ आ गया है।




# पुलिस अधीक्षक ने जिले के सीमावर्ती थाना, पुलिस कैम्प और रक्षित केन्द्र का किया निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारी-जवानों से किया सीधा संवाद, सतर्कता एवं मुस्तैदी बनाए रखने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 अगस्त।** कबीरधाम जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव (आई.पी.एस.) द्वारा जिले के विभिन्न थाना, पुलिस कैम्प एवं सुरक्षा बलों की तैनाती वाले महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चिल्फी, कैम्प धवईपानी, कैम्प कबीरपथरा, कैम्प कुंण्डपानी, कैम्प बेंदा, थाना रेंगाखार, थाना झलमला, चौकी बाजार चारभाठा एवं रक्षित केन्द्र कवर्धा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित थाना/कैम्प की सुरक्षा व्यवस्था, ड्यूटी व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों तथा पुलिस बल की तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने अधिकारियों एवं जवानों से मुलाकात कर उनकी ड्यूटी, कार्यप्रणाली एवं फील्ड में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के



संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जवानों को आश्वस्त किया कि ड्यूटी के दौरान आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या, आवश्यकता अथवा सुझाव को बेझिझक वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखें, ताकि उसका समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जा सके।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना एवं कैम्प प्रभारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा प्रत्येक अधिकारी एवं जवान अपने निर्धारित कर्तव्यों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित करते हुए उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से कहा गया,

» थाना एवं कैम्प परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत एवं व्यवस्थित रखा जाए।

» ड्यूटी पर तैनात अधिकारी एवं जवान पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

» संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर नियमित पेट्रोलिंग एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए।

» थाना एवं कैम्प की सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी संसाधनों एवं उपकरणों को कार्यशील स्थिति में रखा जाए।

» रात्रिकालीन ड्यूटी एवं गश्त व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

» क्षेत्र में होने वाली प्रत्येक महत्वपूर्ण गतिविधि एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित सूचना का तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को संचार किया जाए।

» थाना क्षेत्रों में आने वाले फरियादियों एवं आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए।

» लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करते हुए पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए।

» पुलिस जवानों को अपने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए।

» किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया एवं समन्वय व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया गया।

» सभी अधिकारी एवं जवान अनुशासन, आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें।

पुलिस अधीक्षक यादव ने कहा कि पुलिस की कार्यक्षमता केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि जवानों के मनोबल, अनुशासन, सतर्कता और टीमवर्क से भी मजबूत होती है। उन्होंने अधिकारी एवं जवानों से संवाद करते हुए उनकी व्यक्तिगत एवं ड्यूटी संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यकतानुसार उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने जवानों को अपने स्वास्थ्य, फिटनेस एवं मानसिक तनाव का भी ध्यान रखने तथा कठिन परिस्थितियों में आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया।

**रक्षित केन्द्र कवर्धा का भी किया निरीक्षण**

निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र कवर्धा का भी निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने पुलिस बल की व्यवस्थाओं, अनुशासन, ड्यूटी एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा पुलिस बल को आगामी कानून-व्यवस्था संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप सदैव तैयार रहने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले की सुरक्षा व्यवस्था में थाना, चौकी, कैम्प एवं रक्षित केन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी अधिकारी एवं जवान आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## एक नजर

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बने बजरंग दुबे

**भिलाई, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रखी गई है। कार्यक्रम के तहत जिलेवासियों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक एवं व्यक्तिगत गायन के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान और तिरंगा मेला प्रमुख हैं। इसके अलावा हर घर तिरंगा एवं वंदे मातरम विषय पर विशेष प्रदर्शनी तथा वंदे मातरम की थीम पर विशाल तिरंगा रंगोली का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके साथ ही 7 से 15 अगस्त तक वंदे मातरम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से इन कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक सहभागिता करने और राष्ट्रीय पर्व की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

### शेड का ताला तोड़कर 350 मीटर बिजली तार चोरी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इंजीनियरिंग पार्क हथखोज स्थित शेड का ताला तोड़कर करीब 350 मीटर बिजली वायर चोरी करने के मामले में पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने आरोपी रवि राव उर्फविठ्ठल (28 साल ) को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 45 हजार रुपए कीमत के बिजली केबल, प्लास्टिक का मुखौटा और वायर काटने के उपकरण बरामद किए हैं। सहायक अभियंता प्रकाश कुमार मरकाम की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### नकली कीटनाशक दवा की शिकायत पर पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

**भिलाई, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इंडोफिल इंडस्टरीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का नकली इंडोफिल एम 45 कीटनाशक दवा उत्पादन करने वालों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने के संबंध में कृषि विकास अधिकारी सिरसा नीलिमा राजपूत की शिकायत पर मोहन नगर थाने पुलिस ने श्रीमती के उमा राव के खिलाफधारा 63 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया नीलिमा राजपूत कृषि विकास अधिकारी सिरसा के कृषि विभाग में पदस्थ है 30 मई 2025 को रंजीत कुमार सिंह पिता बिंदेश्वर सिंह इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी द्वारा कंपनी के प्रमुख जांच कर्ता के पद पर कार्यरत है, उन्हें गुप्त सूचना से पता चला कि मोहन नगर थाना के अंतर्गत शंकर नगर साईं मंदिर के पास इंडोफिल एम 45 नकली कीटनाशक दवा उत्पाद की जा रही है सूचना के आधार पर कंपनी द्वारा सर्वे किया गया इस में पता चला कि इंडोफिल एम 45 नकली कीटनाशक दवा तैयार किया जा रहा है जो कि कानूनन अपराध है जानकारी मिलने पर कृषि विभाग ने संयुक्त टीम गठित कर श्रीमती उमा राव के घर की जांच की जांच में 130 भरे हुए पैकेट, 700 रिक्त पैकेट एवं एक सीसिंग मशीन प्राप्त हुई।

## पोस्टमेट्रिक अजजा बालक छात्रावास पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने

# छात्रावासी बच्चों से पढ़ाई, लिखाई और करियर प्लानिंग पर विस्तार से की बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के पोस्ट मैट्रिक अनु. जनजाति बालक छात्रावास पहुंचे। उन्होंने छात्रावासी बच्चों से मुलाकात की और साथ बैठकर उनके पढ़ाई लिखाई, आगे की करियर प्लानिंग पर विस्तार से बात की। उन्होंने यहां निवासरत प्रत्येक बच्चे से व्यक्तिगत रूप से बात करते हुए उनके बारे में जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बच्चों की मांग पर छात्रावास की लाइब्रेरी में इंटरनेट युक्त कंप्यूटर भी प्रदान करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छात्रों से कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाकर उसे पाने के लिए पूरी लगन से मेहनत करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने की शुभकामनाएं देते हुए उपहार में पेन दिए और बारिश के मौसम को देखते हुए छाता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने इस दौरान छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के



निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू, चंदन पटेल, ईश्वरी धुर्वे, मनीराम छेदावी, सहायक आयुक्त लक्ष्मी पटेल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**छात्र ने बताया आँख में है समस्या, उप मुख्यमंत्री ने कहा रायपुर में करवाएंगे इलाज :** इस दौरान एक बच्चे ने अपनी आँख में समस्या के बारे में बताया। तो उप मुख्यमंत्री शर्मा ने संवेदनशील पहल करते हुए कहा कि रायपुर में आँख के अच्छे अस्पताल में उपचार कराया जाएगा। इसमें आवश्यक समन्वय के लिए उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देशित किया।

**छात्रावास में लगेगा स्मार्ट क्लास:** उप मुख्यमंत्री ने जब बच्चों से बात की और उनकी करियर प्लानिंग के बारे में जाना तो उन्होंने तैयारी को और बेहतर बनाने के लिए छात्रावास में विशेष स्मार्ट क्लास लगवाने की घोषणा की।

### बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त कोच की मांग, सांसद विजय बघेल ने रेलवे जीएम से की चर्चा

**भिलाई, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सावन के पवित्र माह में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को ट्रेनों में लंबी वेटिंग के कारण हो रही परेशानी को देखते हुए दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने तत्काल पहल की है। उन्होंने बिलासपुर रेलवे के महाप्रबंधक से दूरभाष पर चर्चा कर ट्रेन क्रमांक 13287 दुर्गङ्कदानापुर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं नागरिकों द्वारा लगातार सांसद से दुर्गङ्कदानापुर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाए जाने की मांग की जा रही थी। जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने रेलवे प्रशासन का ध्यान सावन के दौरान बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ और ट्रेन में लंबी वेटिंग की ओर आकर्षित कराया। सांसद बघेल ने कहा कि सावन माह में छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दानापुर मार्ग से बाबा बैद्यनाथ धाम दर्शन के लिए जाते हैं। वर्तमान में भारी वेटिंग के कारण अनेक श्रद्धालुओं को टिकट नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें यात्रा में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल रेल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक यात्रा से जुड़ा विषय है। ऐसे में रेलवे प्रशासन को सावन के दौरान अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए संवेदनशीलता के साथ आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्ग लोकसभा की जनता की समस्याएं उनकी अपनी समस्याएं हैं और जनता की ओर से किसी आवश्यकता या परेशानी की जानकारी मिलने पर वे संबंधित विभाग एवं अधिकारियों के समक्ष उसे गंभीरता से रखते हैं। सांसद ने रेलवे प्रशासन से सावन के दौरान बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और वेटिंग को देखते हुए दुर्गङ्कदानापुर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाने की दिशा में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। सांसद की पहल से दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से बाबा धाम जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं को राहत मिलने की उम्मीद है।



# बीएसपी में कर्मचारियों को मिला सीएनसी सिमुलेशन का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-लर्निंग एवं डेवलपमेंट विभाग द्वारा प्रचालन कार्यों से जुड़े 15 कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन सीएनसी सिमुलेशन आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में सीएनसी की मूलभूत अवधारणाओं, जी एवं एम कोड प्रोग्रामिंग, टर्निंग एवं मिलिंग सिमुलेशन तथा उन्नत प्रोग्रामिंग तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को सिमुलेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे सुरक्षित वातावरण में सीएनसी प्रोग्रामिंग, मशीनिंग एवं समस्या-निवारण का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण का संचालन पंकज वर्मा एवं आकाश कुमार उरकुड़े ने किया। कार्यक्रम का समन्वय एस. फ़ज़ली एवं पी. जया प्रिया ने किया।




## अखिल भारतीय रेडियो-श्रोता सम्मेलन 19 व 20 को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अगस्त।** इस्पात नगरी में अखिल भारतीय रेडियो-श्रोता सम्मेलन का आयोजन 19 एवं 20 अगस्त को किया जाएगा। सम्मेलन में देशभर के करीब 18 राज्यों से 500 से अधिक रेडियो श्रोता शामिल होंगे। साथ ही विभिन्न आकाशवाणी केंद्रों एवं कम्युनिटी रेडियो के उद्घोषकों की भी उपस्थिति रहेगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों की



बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के संयोजक परसराम साहू गुरुजी ने बताया कि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से रेडियो प्रेमी और श्रोता जुटेंगे। आयोजन के दोनों दिनों में रेडियो सेट, छत्तीसगढ़ी गहने, कलेवा, सिनेमा, साहित्य, पेंटिंग तथा बस्तर आर्ट की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जो सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण रहेगी।

## समाचार संक्षेप

### सुरडुंग हाईस्कूल की 40 छात्राओं को मिली सरस्वती योजना में साइकिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 9 अगस्त।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र के सुरडुंग हाई स्कूल में राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 40 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें सरस्वती साइकिल योजना बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली महत्वपूर्ण योजना है।

साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और वे समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा बेहद आवश्यक है और छात्राओं को इस सुविधा का पूरा लाभ उठाते हुए नियमित रूप से विद्यालय आना चाहिए। उन्होंने योजना का लाभ प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मन लगाकर अध्ययन करें और अपने बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

कार्यक्रम में पार्षद शांति टंडन, अहिल्या वर्मा, विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विशेश्वर वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य जगदीश दिल्लीवार, संकुल समन्वयक अशोक कुमार वर्मा, व्याख्याता रमेश कुमार साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं अनिल चौधरी, रेणु मिश्रा, उमा वर्मा, दिव्या मंडावी, सऊदीन निशा, निकिता गुप्ता, प्रभा साहू एवं ज्योति गावले तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### इको केयर अभियान में मानसिक सुदृढ़ता और आपदा प्रबंधन पर संवाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में राष्ट्रव्यापी इको केयर एवं आपदा प्रबंधन अभियान के तहत मानसिक एवं भावनात्मक सुदृढ़ता, सकारात्मक सोच तथा संकट की परिस्थितियों में मानसिक तैयारी पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। कोक ओवन विभाग में ब्रह्म कुमार पीयूष ने कार्मिकों को भावनात्मक संतुलन, आत्मबल और सकारात्मक सोच के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से तैयार रहना चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने की कुंजी है। एम एंड यू तथा एसएमएस-2 में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए संवाद सत्र आयोजित हुए। वक्ताओं ने जल एवं विद्युत संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार और पर्यावरण संरक्षण के साथ जिम्मेदार नागरिक व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में शांति एवं सकारात्मकता के लिए संक्षिप्त ध्यान सत्र भी आयोजित किया गया।

### लूट के तीन आरोपियों को पलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अगस्त।** राहगीरों से मारपीट और लूट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है? पुलिस ने बताया कि सोना बेवरेज रसमड़ा ड्यूटी जा रहे पीड़ित मुरलीधर सोनी और कुनाल कुमार के साथ अज्ञात बाइक सवार तीन युवकों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट कर झपटमार किया था शिकायत पर अंजोरा चौकी पुलिस जांच शुरु किया मुखबिर की सूचना पर राजीव नगर, वार्ड नं. 04, कोतवाली दुर्ग चिराग साहू उर्फसावन साहू, गया नगर तरुण उर्फ प्रियांशु चंद्राकर, नयापारा नदी रोड, वार्ड नं.




01 आयुष निर्मलकर उर्फयोगेंद्रमामले की पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया? जांच में सीसीटीवी फुटेज में तीनों युवकों का फुटजे पुलिस को मिला था आरोपियों ने चाकू, बेसबॉल बैट का इस्तेमाल कर डराने-धमकाने, चोट पहुँचाने का प्रयास किया था आरोपियों के पास से पुलिस ने बाइकधारदार चाकू, बेसबॉल बैट जब्त किया गया है।

### पैसा,कैरेट वापस मांगने पर की मारपीट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अगस्त।** सुपेला थाना क्षेत्र के आकाश गंगा में उधारी रकम और 77 सब्जी कैरेट वापस मांगने को लेकर विवाद हो गया आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और वाहन से धारदार हथियार निकालकर लहराते हुए प्रार्थी को डराया? सुपेला टीआई एस एन सिंह ने बताया कि प्रार्थी नारायण सिंह की थोक सब्जी दुकान है आरोपी मिथलेश कुमार चौधरी पर उधारी रकम और सब्जी कैरेट वापस करना बाकी था पारस ज्वेलर्स के पास रकम मांगने पर आरोपी ने विवाद शुरू कर दिया बीच-बचाव करने पहुंचे ट्रांसपोर्टर पुष्पेन्द्र साहू के साथ भी मारपीट की गई सूचना पर



डायल-112 की मदद से आरोपी को पकड़ कर सुपेला थाने पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 12 इंच लंबा धारदार लोहे का हथियार जब्त किया पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया आरोपी मिथलेश कुमार चौधरी (20) निवासी अहिवारा है।

## यातायात मुख्यालय में हुई जिले के ऑटो चालकों एवं ऑटो संचालकों की बैठक

# यातायात को सुगम, सुरक्षित, व्यवस्थित बनाने व यात्रियों की सुरक्षा पर दिया गया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अगस्त।** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से यातायात मुख्यालय, नेहरू नगर भिलाई में जिले के ऑटो चालकों एवं ऑटो संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ऑटो चालकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा वाहन संचालन के दौरान अनुशासन बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए बैठक के दौरान यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि ऑटो चालकों को वाहन संचालन के दौरान निर्धारित वर्दी पहनने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की समझाइश दी जल्द शुरू होगा बारकोड आधारित सत्यापन अभियान यातायात पुलिस ने बैठक में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दिनों में जिले के सभी ऑटो चालकों एवं ऑटो का बारकोड आधारित सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत ऑटो चालकों का सत्यापन कर उनका अद्यतन रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इससे यात्रियों



की सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर चालक की पहचान तत्काल सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी मुख्य सड़क और चौराहों पर ऑटो खड़ा करने पर रोक? ऑटो चालकों को निर्देशित किया गया कि वे किसी भी स्थिति में मुख्य सड़क, चौराहों अथवा ऐसे स्थानों पर वाहन खड़ा न करें, जहां यातायात बाधित होता हो। ऑटो केवल निर्धारित ऑटो स्टैंड पर ही खड़े करने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात पुलिस ने कहा कि सड़क पर बेतरतीब तरीके से ऑटो खड़े करने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और दुर्घटना की आशंका भी बढ़ती है बिना लाइसेंस वाले व्यक्ति को ऑटो न दें बैठक में ऑटो संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाले किसी भी व्यक्ति को ऑटो चलाने के लिए वाहन न दें। साथ ही शराब अथवा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई यात्रियों से शालीन व्यवहार और ओवरलोडिंग से बचने की हिदायत यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों को यात्रियों के साथ शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए? इस के अलावा ऑटो की निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने की सख्त हिदायत दी गई? पुलिस ने कहा कि ऑटो संचालन के दौरान चालक की जिम्मेदारी केवल यातायात नियमों का पालन करना ही नहीं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोग की अपील यातायात पुलिस दुर्ग ने सभी ऑटो चालकों एवं संचालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित, जिम्मेदार एवं अनुशासित तरीके से वाहन संचालन करें पुलिस ने कहा कि ऑटो चालक शहर की यातायात व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में उनका सहयोग आवश्यक है?

## एक नजर

### परिवार को तोड़ने की साजिश कर रही छ ग सरकार: रूपेश दुबे



**राजनांदगांव 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार धान खरीदी की जिम्मेदारी से बचने के लिए किसानों पर नए नए नियम थोपने का काम तो कर ही रही थी अब एग्री स्टीक पंजीयन के नाम पर किसान परिवार को तोड़ने व बंटवारा की साजिश का ताना बाना बुन दी है जो किसान परिवार के साथ क्रूरता का प्रमाण है। प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि एग्रो स्टिक पोर्टल में पंजीयन के लिए सामिलात खाते के किसान परिवार के सभी सदस्यों के पोर्टल में पंजीयन की अनिवार्यता लागू कर दी गई है सरकार आज तक एग्रो स्टिक पंजीयन पोर्टल के सर्वर को ठीक नहीं कर सकी है जिसके चलते पिछले साल लगभग 2 लाख किसान धान बेचने से वंचित हुए थे। अब सामिलात खाता के सभी को पंजीयन करना है ऐसी दशा में परिवार के बहन-बेटी- भाई जो विवाह के बाद या अपने रोजगार के कार्य से अन्यत्र जिले या प्रदेश में निवासरत हैं उन्हें मात्र पंजीयन कराने के लिए अपने घर परिवार-काम को छोड़कर आकर जूझना पड़ रहा है और लगातार सर्वर डाउन के चलते कृषक परिवार के सदस्यों को दो-तीन दिन इंतजार करना पड़ रहा है जिससे उनके परिवार एवं रोजगार पर विपरीत असर पड़ रहा है जो उचित नहीं है और इन सब मामलों के कारण परिवार में विघटन, दरार और बंटवारा के हालात भी निर्मित हो रहे हैं।

### देवपुरी में हुआ 32वां नवकार महामंत्र जाप



**रायपुर 9 अगस्त।** सकल जैन समाज की गरिमामय उपस्थिति में सकल जैन समाज देवपुरी-कमल विहार के साथ नवकार जाप ग्रुप के प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को प्रातः 9 से 9:48 बजे तक आयोजित होने वाले महामंत्र नवकार के जाप का 32 वां आयोजन देवनगर, देवपुरी में सान्नद संपन्न हुआ। नवकार जाप में आशीष जैन, राजेन्द्र पारख, वीरेंद्र डागा, अनिल बरडिया, अभय दुगड़, मनोज पारख, दीपक कवाड़, निकुंज साचला उपस्थित रहे।

### 19 अगस्त को रोजगार मेला का आयोजन कार्यालय परिसर में

**राजिम, 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग तथा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा बुधवार, 19 अगस्त 2026 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी प्रतिष्ठान पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड रायपुर, ग्लोबल एच.आर. सॉल्यूशन एंड जॉब कंसल्टेंट लिमिटेड, दुर्ग तथा पैरी गंगा महाविद्यालय, मैनपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, असिस्टेंट मैनेजर, डिप्टी मैनेजर, सेल्स ऑफिसर, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, एग्रीकल्चर ऑफिसर, सर्वेयर तथा सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी, भूगोल एवं राजनीति विज्ञान) सहित कुल 252 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें से पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड के लिए कुल 45 पद, ग्लोबल एच.आर. साल्यूशन एंड जांब कंसल्टेंट अंतर्गत 200 पद एवं पैरी गंगा महाविद्यालय मैनपुर के लिए 7 पद रिक्त है। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, बी.एससी., बी.एससी. (कृषि), बी.सी.ए., एम.सी.ए. तथा संबंधित विषय में स्नातकोत्तर, नेट, सेट एवं पीएचडी निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी दो पासपोर्ट आकार के फोटो, समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र एवं उनकी छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का ई-रोजगार पोर्टल अथवा छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद के दूरभाष क्रमांक 07706-241269 अथवा मोबाइल नंबर 93295-59607 पर संपर्क किया जा सकता है।

# शहर के भीतर लगातार यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

- **1035 वाहनों पर कार्रवाई, 5,26,300 का जुर्माना वसूल**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**राजनांदगांव 9 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में आगामी त्योहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए राजनांदगांव शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की गई।

यातायात पुलिस द्वारा शहर के नया बस स्टैंड चौक, महावीर चौक, खैरागढ़ रोड,भगत सिंह चौक,पुराना रेस्ट हाउस, रेल्वे स्टेशन रोड, *पोस्ट ऑफिस चौक, पुराना बस स्टैंड, राम दरबार, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, गंज चौक, कुआँ चौक, नंदई चौक, महामाया चौक, तिरंगा चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सिनेमा लाइन, जूनी हटरी, मानव मंदिर चौक, फौवारा चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, सदर लाइन *फुर्सत के पल चौक, कविता कॉम्पलेक्स चौक, अम्बेडकर चौंक, क्र्य नगर जाने वाली सर्विस रोड एवं मोतीपुर अंडर ब्रिज रोड सहित शहर के प्रमुख एवं व्यस्त मार्गों पर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान कार्यवाही – नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने वाले 556 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 18 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बिना वैध लाइसेंस ई-रिक्शा चलाने वाले 29 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन प्रवेश कराने वाले 03 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए ?9,000 का जुर्माना वसूल किया गया। यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 429 वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस प्रकार यातायात पुलिस द्वारा कुल 1035 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए ?5,26,300/- का जुर्माना वसूल किया गया।

यातायात पुलिस की आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील - आगामी त्योहारी सीजन के दौरान बाजार एवं प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें तथा नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें।

साथ ही सभी व्यापारियों से अपील है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करवाएं तथा सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न होने दें। आम नागरिक एवं व्यापारीगण यातायात पुलिस का सहयोग करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी निरंतर प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# राजनीतिक दांव-पेंच के लिहाज से अहम मनेंद्रगढ़ में डीएफओ का तबादला चर्चा में

## युवा आईएफएस को मुख्यालय, सीनियर अफसर फील्ड में तबादला सूची पर उठे सवाल

**मनेंद्रगढ़ 9 अगस्त।** राजनीतिक दांव-पेंच के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाने वाले मनेंद्रगढ़ वनमंडल में महज छह महीने के कार्यकाल के बाद एक युवा डीएफओ का तबादला इन दिनों विभागीय और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा है कि स्पष्ट कार्यशैली और नियमों के अनुरूप बिना किसी दबाव के काम करने वाले अधिकारी द्वारा नेताओं के विभिन्न गुटों को अपेक्षित तवज्जो नहीं दिया जाना भी उनके तबादले की वजहों में शामिल माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि अधिकारी ने मनेंद्रगढ़ में पदभार संभालने के बाद वन विभाग के कामकाज में स्पष्टता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी। निर्णय लेते समय किसी विशेष व्यक्ति, समूह या राजनीतिक प्रभाव के बजाय विभागीय नियमों और प्रशासनिक प्रक्रिया के अनुसार काम करने की उनकी शैली चर्चा में रही। मनेंद्रगढ़ क्षेत्र राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। ऐसे में यहां वन विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली का प्रभाव केवल विभागीय स्तर तक सीमित नहीं रहता। स्थानीय स्तर पर विभिन्न राजनीतिक गुटों और


छत्तीसगढ़ शासन
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
मंत्रालय,
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
// आदेश //

नवा रायपुर, दिनांक: 08/08/2026

प्रभावशाली लोगों की सक्रियता के बीच अधिकारियों के लिए संतुलन बनाकर काम करना भी बड़ी चुनौती होती है। इसी पृष्ठभूमि में युवा डीएफओ का छह महीने के भीतर तबादला कई सवाल खड़े कर रहा है।

### छह महीने में तबादला क्यों चर्चा में?

वन विभाग में डीएफओ का पद महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों वाला होता है। वन संरक्षण, अवैध कटाई और तस्करी पर नियंत्रण, वन क्षेत्र का प्रबंधन तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां डीएफओ के स्तर पर होती हैं। ऐसे में किसी अधिकारी को कामकाज की पूरी दिशा तय करने और उसके परिणाम सामने लाने के लिए पर्याप्त समय मिलना जरूरी माना जाता है। बताया जा रहा है कि संबंधित अधिकारी ने अपने कार्यकाल में कई मामलों में नियमों को प्राथमिकता दी और किसी भी प्रकार के दबाव में आए बिना निर्णय लेने की कोशिश की। यही कार्यशैली अब उनके छह महीने के भीतर हुए तबादले को चर्चा का विषय बना रही है।

### क्या राजनीतिक समीकरण बना वजह?

विभागीय हलकों में सबसे ज्यादा चर्चा इसी बात को लेकर है कि क्या अधिकारी की स्वतंत्र कार्यशैली और राजनीतिक गुटों से दूरी उनके तबादले की एक वजह बनी। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान या दस्तावेज सामने नहीं आया है। इसलिए इसे फिलहाल केवल विभागीय और राजनीतिक हलकों में चल रही चर्चाओं के रूप में ही देखा जा रहा है।

तबादला सूची ने बढ़ाई चर्चाएं

हाल ही में जारी तबादला सूची में मनेंद्रगढ़ के युवा डीएफओ का नाम शामिल होने के बाद यह चर्चा और तेज हो गई। छह महीने की छोटी अवधि में स्थानांतरण होने के कारण विभागीय कामकाज की निरंतरता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नए अधिकारी के आने के बाद मनेंद्रगढ़ वनमंडल में विभागीय कामकाज और निर्णय लेने की शैली में क्या बदलाव आता है।

इस सूची में युवा और कर्मठ आईएफएस अधिकारियों को फील्ड से हटाकर मुख्यालय और वन विकास निगम जैसी महत्वपूर्ण जगहों पर भेजा गया है। जबकि जमीनी स्तर पर वन विभाग को नए जोश, स्पष्ट कार्यशैली और ईमानदारी के साथ काम करने वाले अधिकारियों की जरूरत है। गौर करने वाली बात यह है कि मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों की कमी के बावजूद दिहाड़ी पर सेवानिवृत्त अधिकारियों की सेवाएं ली जा रही हैं। वहीं, जिन वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्यालय में जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, उन्हें युवा अधिकारियों के स्थान पर फील्ड में भेजा जा रहा है। तबादलों की यह तस्वीर कई सवाल खड़े कर रही है कि आखिर फील्ड में नई ऊर्जा और बेहतर कार्यशैली वाले अधिकारियों की जरूरत को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई? तबादला आदेश प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन मनेंद्रगढ़ जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्पष्ट कार्यशैली वाले अधिकारी का इतने कम समय में स्थानांतरण होना अपने आप में चर्चा का विषय जरूर बन गया है।

# रायपुर के ऐतिहासिक 'आमा तालाब' और प्राचीन शिव मंदिर की उपेक्षा और अवैध कब्जे पर गहरी चिंता, शासन-प्रशासन मौन

**रायपुर 9 अगस्त।** आमा तालाब शिव मंदिर समिति के सदस्यों श्री कृपा नेताम, शेरु यादव,लक्ष्मण यादव, सुरेश निर्मलकर,टिक्कु रजक, एवं शंकर सिंह निर्मलकर ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ राजधानी रायपुर के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर वर्तमान भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता अब असहनीय होती जा रही है। शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक 'आमा तालाब' और सदियों पुराने प्राचीन शिव मंदिर आज बेजा कब्जा (अवैध अतिक्रमण), गंदगी और घोर उपेक्षा का शिकार हो चुके हैं।

सरकार के दावों के विपरीत, ऐतिहासिक धरोहरों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

अतिक्रमण की मारः ऐतिहासिक आमा तालाब के चारों ओर तेजी से अवैध कब्जे हो गया है जिसके विषय में रायपुर के वर्तमान महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं पूर्व महापौर एजाज ढेबर सहित पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं वर्तमान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, को अनेकों बार आवेदन दिया गया लेकिन आज दिनांक तक कोई कारवाई नहीं हुई है। जिससे तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

आज हिन्दू संस्कृति के अनुसार पवित्र शावन माह चल रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की हिन्दू धर्म की बात करने वाली सरकार के शासनकाल में भी तालाब परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, लेकिन प्रशासन इसके जीर्णोद्धार के प्रति पूरी तरह आंखें मूंदे बैठा है।सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। स्थानीय जनता और श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र इस स्थल की उपेक्षा से लोगों में भारी आक्रोश है। सरकारी दावों की पोल खुल गई है,सरकार भले ही सांस्कृतिक गौरव और विरासत संरक्षण के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन राजधानी की इस ऐतिहासिक धरोहर की दुर्दशा इन दावों की पोल खोल रही है। आमा तालाब शिव मंदिर समिति ने सरकार में बैठे उच्च पदों में बैठे लोगों से तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की है। आमा तालाब की जमीन पर हुए सभी अवैध कब्जों को फौरन हटाया जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो।शिव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाए , प्राचीन शिव मंदिर के पुनरुद्धार और सौंदर्यकरण के लिए विशेष बजट आवंटित कर त्वरित कार्य शुरू किया जाए। इसके साथ ही तालाब का सौंदर्यीकरण भी किया जाना चाहिए। तालाब की साफ़सफ़ाई, गहरीकरण और चारों तरफ पाथवे/बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाए।यदि प्रशासन ने शीघ्र ही इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया, तो स्थानीय नागरिकों और मंदिर समिति द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। आमा तालाब शिव मंदिर समिति के प्रमुख सदस्यों में श्री कृपा नेताम,लक्ष्मण यादव, सुरेश निर्मलकर, टिक्कु रजक,तिरथ निषाद,लोकेश निषाद, शंकर सिंह निर्मलकर और भी बहुत से लोगों द्वारा मीटिंग आयोजित कर उक्त निर्णय लिया गया है।

# अदाणी फाउंडेशन ने शुरू किया विजन केयर प्रोजेक्ट

- **2,800 वरिष्ठ नागरिकों की होगी आंखों की जांच**
- **जरूरतमंद लाभार्थियों को दिए जाएंगे निःशुल्क चश्मे**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**तिल्दा नेवरा 9 अगस्त।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों की नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विजन केयर प्रोजेक्ट का शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम चिचोली से किया गया। इस परियोजना के तहत अदाणी पावर लिमिटेड, रायखेड़ा के समीपवर्ती गांवों के वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क नेत्र जांच की जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शुभारंभ अवसर पर आयोजित नेत्र जांच शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच कर दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की गई तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्गों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और दृष्टि संबंधी समस्याओं के कारण होने वाली दैनिक कठिनाइयों को कम करना है। परियोजना के अंतर्गत प्लांट के आसपास स्थित विभिन्न गांवों में चरणबद्ध तरीके से नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। विजन केयर प्रोजेक्ट के माध्यम से लगभग 2,800 वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की जांच की जाएगी। जांच के दौरान जिन लाभार्थियों को दृष्टि सुधार के लिए चश्मों की आवश्यकता होगी, उन्हें निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे उन्हें पढ़ने, दैनिक कार्यों के संचालन तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीणों ने अदाणी फाउंडेशन की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयोगी स्वास्थ्य सेवा बताया। स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की श्रृंखला में यह परियोजना ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देगी।




### 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा यात्रा अभियान

**बलौदाबाजार, 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके साथ ही हर -घर तिरंगा यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। दोनों कार्यक्रम 9 से 15 अगस्त तक आयोजित होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कार्यक्रम सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये हैं। वन्देमातरम 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 9 अगस्त को समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का शुभारम्भ,हर घर तिरंगा जनजागरूकता रैली,10 अगस्त को विद्यालय एवं महाविद्यालय में देश भक्ति गीत,निबंध,चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता, 11 अगस्त को विकासखंड मुख्यालयों में युवा एवं महिला समूहों द्वारा तिरंगा यात्रा,12 अगस्त को नगरीय निकायों में वन्देमातरम एवं स्वतंत्रता संग्राम विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन।

# पक्की सड़क की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने जताया आभार



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**खैरागढ़ 9 अगस्त।** ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और सुगम आवागमन की दिशा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने खैरागढ़ ब्लॉक अंतर्गत धनेली, देवारीभाठ, भरदाकला व्हाया बढ़ईटोला तक 10 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। लंबे समय से की जा रही इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने पर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

**जिला पंचायत उपाध्यक्ष का जताया आभारः** सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने की खुशी में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जिला पंचायत पहुंचे। ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दिल से आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

**विकास के लिए तत्पर है भाजपा सरकारः ग्रामीणः** ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा सरकार ने उनकी सबसे पुरानी मांग को पूरा करके यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार सदैव तत्परता के साथ काम कर रही है। उन्होंने विक्रांत सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए लंबे समय से प्रयासरत हैं और हर सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं।

**जल्द पूरी होगी टेंडर प्रक्रियाः विक्रांत सिंहः** ग्रामीणों की बातें सुनकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और निर्माण कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण की टेंडर प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कराई जाएगी, ताकि धरातल पर जल्द निर्माण कार्य शुरू हो सके।

**बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ग्रामीणः** इस आभार प्रकट कार्यक्रम के दौरान अरविंद वर्मा, जागेश्वर वर्मा, रामकुमार वर्मा, सूर्यदमन सिंह, तारन वर्मा, दीपक वर्मा, प्यारी वर्मा, नरेश वर्मा, गणेश वर्मा, भगत साहू, सुखचैन वर्मा, चमरू वर्मा, चन्द्रिका साहू, विनोद साहू, पीताम्बर वर्मा, घसिया वर्मा, शेखर कुर्रे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रविवि के हॉस्टल में बदहाल सुविधाओं के खिलाफ एनएसयूआई का प्रदर्शन



**रायपुर 9 अगस्त।** रविवि के हॉस्टल में छात्रों को मिल रही बदहाल एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर एनएसयूआई द्वारा जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया गया। हाल ही में गर्ल्स हॉस्टल में महज 15 दिनों के भीतर दूसरी बार छत का प्लास्टर गिरने की घटना सामने आई थी। कमरा नंबर 18 की छत का प्लास्टर टूटकर गिरने के साथ ही इससे पहले कमरा नंबर 29 में भी ऐसी ही घटना हो चुकी थी। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इसी मामले को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के हॉस्टल पहुंचकर छात्रों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। छात्रों ने हॉस्टल में मूलभूत सुविधाओं की कमी, भवन की स्थिति एवं अन्य समस्याओं से एनएसयूआई पदाधिकारियों को अवगत कराया। हस्र्ढ ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष छात्रों की सभी समस्याओं को रखते हुए कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा और तत्काल निराकरण की मांग की।

एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान ने कहा कि हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को सुरक्षित वातावरण और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। लगातार छत का प्लास्टर गिरने जैसी घटनाएं गंभीर लापरवाही को दर्शाती हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन को हॉस्टल की समस्याओं का निराकरण एक सप्ताह के भीतर करना होगा। यदि निर्धारित समयावधि में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एनएसयूआई छात्रहित में आगे और उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला महासचिव संस्कार पांडेय, जिला सचिव कृष्ण तमराकर, शत्रुंजय शुक्ला, वि:सा उपाध्यक्ष आशीष बाजपाई, नितिन सागर, कपिल डांडे सहित अन्य हस्र्ढ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## झारखंड के छात्रों ने आंदोलन की मिसाल पेश की

कोई भी आंदोलन हो,वह कम से कम आंदोलन जैसा तो होना चाहिए, आंदोलन जैसा लगना तो चाहिए।लोगों ने जैसे आंदोलन देखे है,कम से कम वैसा तो होना चाहिए।तब देश के लोग उस आंदोलन को आंदोलन मानते हैं और उसका समर्थन करते हैं।पेपरलीक के मामले में दिल्ली के जंतर मंतर में जो छात्रों का आंदोलन किया गया था।वह गंदे पोस्टर,गंदी भाषा,सोशल मीडिया में गंदे मीम,नेताओं को गाली,पीएम को गाली,पुलिस से मारपीट,कानून व्यवस्था बिगाड़ने के लिए जितना चर्चित रहा, अपनी मांगों को लेकर उतना चर्चित नहीं रहा।जितने वामपंथी विचारधारा वाला लोग थे,उनको जरूर यह आंदोलन छात्रों की क्रांति जैसा लगा लेकिन परंपरागत आंदोलन को पसंद करने वालों को जंतर मंतर का आंदोलन अनियंत्रित,अराजक तत्वों का आंदोलन लगा।जब तक यह आंदोलन चला दिल्ली के लोगों को परेशानी हुई।

यह आंदोलन पेपरलीक को रोकने के लिए जरूर था लेकिन यह मोदी सरकार के विरोध में ज्यादा था इसलिए इस आंदोलन का समर्थन विपक्ष के राजनीतिक दलों व उनके नेताओं ने किया और देश को बताने की कोशिश की कि देखों देश के जेनजी मोदी सरकार के विरोध में हैं। देश के जेनजी में मोदी सरकार के खिलाफ खूब नाराजगी है।हर आंदोलन का कोई बड़ा लक्ष्य होता है इस आंदोलन का लक्ष्य सीजेपी के लिए शिक्षामंत्री का इस्तीफा तो विपक्ष के लिए मोदी सरकार के खिलाफ माहौल बनाना था ताकि आने वाले चुनाव में इस आंदोलन का फायदा उठाया जा सके।विपक्ष उम्मीद कर रहा था कि मोदी सरकार शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं लेगी और यह आंदोलन लंबे समय तक चलेगा लेकिन पीएम मोदी ने ठीक समय पर सीजेपी जो चाहता था, उसे मानकर आंदोलन समाप्त करवा दिया और पेपरलीक रोकने कानून बनाकर यह बता दिया कि विपक्ष युवाओं का जितना भला नहीं चाहता है मोदी सरकार उतना भला चाहती है इसलिए मोदी सरकार ने परीक्षा के दौरान पेपर लीक रोकने कड़ा कानून बनाया है।

सब लोग मानकर चल रहे थे कि जंतर मंतर का युवाओं का आंदोलन आंदोलन के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा लेकिन झारखंड के छात्रों ने राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करके देश के युवाओं को बता दिया है कि छात्रों का आंदोलन कैसा होना चाहिए।कहीं कोई किसी को गाली नहीं दे रहा है,धरना,प्रदर्शन सब हो रहा है रैली निकाली जा रही है लेकिन एक दिन भी किसी छात्र ने कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश नहीं की।कहीं कोई गंदा पोस्टर नहीं है, सोशल मीडिया में वीडियों हैं लेकिन गंदे मीम नहीं है। सीएम को कोई गाली नहीं दे रहा है। आंदोलन को १०दिन से ज्यादा हो गए हैं, छात्रों को स्टेडियम में टेंट लगाने नहीं दिया गया है कि वह बारिश,खुले में ज्यादा दिन आंदोलन न कर सके और अपने आप समाप्त हो जाए।छात्रों के सामने खाने की,बारिश के बचने की समस्या है लेकिन वह हर तरह की समस्या का सामना करते हुए आंदोलन कर रहे हैं और अब देश का मीडिया भी उनकी मांगो को उठा रहा है।

झारखंड के छात्र आंदोलन से एक तो यह साफ हो गया कि जो छात्र होते हैं वह शांति से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते हैं और दूसरे देश के विपक्षी नेताओं की भी पोल खुल गई है कि वह छात्रों के साथ खड़े होने वाले हैं,छात्रों के लिए आवाज बुलंद करने वाले हैं। राहुल गांधी ने छात्रों की मांग के लिए पीएम आवास के सामने धरना दिया लेकिन झारखंड के छात्रों की मांग के लिए उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा है।प्रियंका गांधी के लिए जंतर मंतर में धरना देने वाले छात्रों के लिए कहा था वह देश के बच्चे हैं उनकी मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। उसी प्रियंका गांधी के लिए झारखंड के छात्र देश के बच्चे नहीं है,उनके लिए उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा है।केजरीवाल,डिंपल यादव, शरद पवार सहित बड़ी संख्या में नेता जंतर मंतर गए थे लेकिन झारखंड में इंडिया ब्लाक के दल की सरकार होने के कारण कोई झारखंड नहीं गया है और आंदोलन का समर्थन अपने राज्य से भी नहीं कर रहा है।

जंतर मंतर के छात्रों की तुलना में झारखंड के छात्रों की मांग राज्य की परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार व इसमें गड़बड़ी करने वालों को सजा दिलाने की है।उनकी मांग शिक्षामंत्री के इस्तीफे की नहीं है,उनका कहना है कि वह किसी परीक्षा को रद्द कराने की मांग नहीं कर रहे है,उनकी मांग है कि झारखंड में पिछले पांच बरसों मे दस से अधिक विवादित सरकारी भर्ती की दूसरे राज्य के हाईकोर्ट से जजों से जांच कराने की, दोषी लोगों पर कार्रवाई और परीक्षा व भर्ती व्यवस्था का पारदर्शी बनाने की है। झारखंड के आंदोलनकारी अपने आंदोलन को युवाओं के भविष्य और व्यवस्था के भरोसे की लड़ाई बता रहे हैं।झारखंड के सीएम सीआईडी जांच पर भरोसा करने को कह रहे है और युवा उस पर भरोसा नहीं कर रहे हैं क्योंकि राज्य में जो भी जांच हुई है वह लीपापोती करने वाली साबित हुई है।सरकार को क्लीनचिट देने वाली साबित हुई है।वामपंथी विचारधारा के लोग जंतरमंतर के आंदोलन को अब तक का सबसे बड़ा व सफल आंदोलन बताने की कोशिश कर रहे थे,एक ऐतिहासिक आंदोलन बताने की कोशिश कर रहे थे लेकिन झारखंड के छात्र आंदोलन ने मिसाल पेश की है कि छात्रों का आंदोलन कैसा होना चाहिए और देश के शांतिप्रिय लोगों को यह आंदोलन पसंद आ रहा है।गांधी के देश मे तो ऐसा ही आंदोलन होना चाहिए।

**विश्लेषण**

# राहुल गाँधी:सत्ता के लिये गंभीर चुनौती

**तनवीर जाफ़री**



नेता विपक्ष राहुल गांधी की आवाज़ को दबाने व युवाओं तक उनकी पहुँच को नियंत्रित करने का सरकार का प्रयास पिछले दिनों एक बार फिर विफल हो गया जबकि प्रयागराज के कायस्थ पाठशाला ग्राउंड में सांसद राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए 8 अगस्त को दे दी गयी। इसे प्रशासन की समझदारी ही कहा जायेगा कि उसने ग्राउंड के इस्तेमाल की पुनः अनुमति देकर छात्रों व युवाओं से होने वाले संभावित टकराव को टाल दिया। परन्तु मात्र दो दिनों के भीतर प्रशासन की इस पल्टीबाज़ी से यह सन्देश तो चला ही गया कि व्यवस्था द्वारा एक बार फिर राहुल गांधी को छात्रों व युवाओं से संवाद करने में विघ्न डालने की कोशिश की गयी। ख़बर यह भी है कि प्रयागराज के निकटवर्ती ज़िलों में अनेक छात्र छात्राओं को नज़रबंद कर उन्हें सभा में पहुँचने से रोका गया। सभास्थल के आसपास सत्ता समर्थकों द्वारा राहुल गाँधी का विरोध करने वाले पोस्टर लगवाए गए। यहाँ तक कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आनंद भवन के पास राहुल गांधी के काफिले को काला झंडा एवं भगवा झंडा दिखाकर उनका विरोध किया गया। ऐसा लग रहा था कि किसी सत्ताधारी नेता का विरोध किया जा रहा हो। आयोजकों के अनुसार मौसम के चलते ग्राउंड में कीचड़ सफ़ाई व सभास्थल को समतल बनाने में भी स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई विशेष सहयोग नहीं किया गया।इन सब के बावजूद राहुल गांधी को सुनने के लिये भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।

सवाल यह है कि क्या वजह है कि भाजपा द्वारा कई वर्षों तक करोड़ों रूपये ख़र्च कर राहुल गांधी की छवि को 'पप्पू' बनाने का नरेटिव गढ़ा गया और सोशल मीडिया पर उनकी छवि बिगाड़ने का बाक़ायदा अभियान चलाया गया ? भाजपा के आईटी सेल ने करोड़ों रुपये ख़र्च कर राहुल गांधी की राजनीतिक साख को ख़त्म करने के लिए सोशल मीडिया पर एक सुनियोजित अभियान चलाया। इस अभियान के तहत राहुल गांधी के भाषणों की अधूरी वीडियो क्लिप्स, मीम्स और भ्रामक प्रचार सामग्री के ज़रिये उन्हें एक अपरिपक्व राजनेता के रूप में पेश करने की कोशिश की गई। उसी 'पप्पू' से आज भाजपा इतनी डरी हुई है कि जगह जगह उसे राहुल गाँधी के कार्यक्रम निरस्त कराने,जनता से मिलने से उन्हें



रोकने तथा उन्हें परेशान करने के लिये तरह तरह के हथकंडे अपनाने पड़ रहे हैं ? अभी गत 17 जुलाई को देहरादून में परेड ग्राउंड में भी इसी तरह का 'छात्रों की गूंज' आयोजित होना था जिसमें राहुल गाँधी को छात्रों से रूबरू होना था। यहाँ भी प्रशासन ने पहले अनुमति दी फिर वहां पहले से एक अन्य सरकारी कार्यक्रम का बहाना बता कर परेड ग्राउंड की अनुमति रद्द कर दी। जबकि कांग्रेस का आरोप था कि उन्होंने 15 से 17 जुलाई तक के लिए परेड ग्राउंड की बाक़ायदा अग्रिम अनुमति ली थी और नगर निगम में 1.77 लाख की फ़ीस भी जमा कराई थी। परन्तु शायद पुष्कर सिंह धामी सरकार राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता और NEET पेपर लीक तथा बेरोज़गारी जैसे मुद्दों पर छात्रों के साथ होने वाले राहुल के इस सीधे संवाद से डर गई थी, जिसके कारण ऐन वक़्त पर झूठा बहाना बनाकर अनुमति रद्द कर दी गई। इसके बाद कार्यक्रम का वेन्यू बदलकर देहरादून के ही बन्नू स्कूल मैदान में स्थानांतरित किया गया, जहां अंततः राहुल गांधी का यह छात्र संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ और अनुमान से भी अधिक युवा वहां पहुंचे। इसी तरह उत्तराखंड के कोटद्वार में 4 जून 2026 को उत्तराखंड दौरे के दौरान कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) और अल्मोड़ा के कार्यक्रमों में प्रशासन ने राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर ख़राब मौसम की बात बताकर उतरने नहीं दिया था। इस के पीछे प्रशासन और पायलटों द्वारा ख़राब मौसम और सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था। उस समय भी राहुल के कोटद्वार और अल्मोड़ा के सभी कार्यक्रम रद्द हो गए थे । उस समय भी उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने प्रशासन, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और यूकाडा पर सीधे सवाल उठाए थे । रावत ने आरोप लगाया था कि जब उसी हवाई मार्ग पर सरकार और अन्य निजी ऑपरेटरों की हेलीकॉप्टर सेवाएं सामान्य रूप से उड़ान भर रही थीं और अल्मोड़ा से हल्द्वानी के बीच आवाजाही हो रही थी, तो सिर्फ़ राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को ही उड़ान भरने की अनुमति क्यों नहीं दी गई? कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया था कि सरकार के इशारे पर प्रशासन ने जानबूझकर "ख़राब मौसम" का बहाना बनाया ताकि राहुल गांधी युवाओं, पूर्व सैनिकों और आम जनता से संवाद न कर सकें। इसके कुछ ही दिनों बाद राजस्थान के कोटा में भी 17 जून 2026 को राहुल गांधी के 'छात्र संवाद' कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' के आयोजन स्थल की अनुमति प्रशासन द्वारा रद्द कर दी गयी थी। और कार्यक्रम के प्रचार के लिए लगाए गए कई होर्डिंग्स और पोस्टर्स को हटा दिया गया था। उस समय सत्ताधारी भाजपा नेताओं ने यह तर्क दिया था कि 21 जून को होने वाली NEET पुनः परीक्षा से ठीक 3 दिन पहले इस तरह की राजनैतिक रैली आयोजित करने से कोचिंग के छात्रों में मानसिक तनाव पैदा होगा। जबकि कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि स्थानीय प्रशासन ने कोचिंग हब के संस्थानों और हॉस्टल मालिकों को छात्रों के इस कार्यक्रम में न भेजने के लिए डराया-धमकाया था। इससे पूर्व भी राहुल गाँधी पर जगह जगह मानहानि के मुक़दमे दायर करवाकर उन्हें परेशान करने की कोशिश की गयी। प्रवर्तन निदेशालय ई डी द्वारा ने जून 2022 में वित्तीय लेनदेन में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में राहुल गांधी से 5 दिनों में लगभग 50 से 55 घंटे तक तीखे सवाल-जवाब किए गए। हर दिन उन्हें सुबह बुलाकर देर रात तक क़रीब 10 से 12 घंटे रोज़ाना ईडी मुख्यालय में बिठाया जाता था और उनके बयानों को दर्ज किया जाता था। इसके बाद उनकी संसद सदस्यता समाप्त की गयी। संसद सदस्यता रद्द होने के महज़ तीन दिन बाद, 27 मार्च 2023 को लोकसभा की आवास समिति ने उन्हें सरकारी बंगला ख़ाली करने का नोटिस थमा दिया। परन्तु राहुल गांधी ने किसी भी क़ानूनी विवाद में पड़े बिना 22 अप्रैल 2023 को 12, तुग़लक़ लेन का अपना आधिकारिक आवास ख़ाली कर दिया और अपनी मां सोनिया गांधी के घर शिफ़्ट हो गए। गोया हमेशा ही सत्ता व उसकी अधीन संस्थाओं द्वारा राहुल को दबाने व डराने की भरपूर कोशिश की गयी। परन्तु राहुल गांधी की देशव्यापी भारत जोड़ो यात्रा ने सत्ता की इन सभी प्रयासों को ध्वस्त कर स्वयं को ऐसे नेता के रूप में स्थापित कर दिया कि आज वही राहुल गांधी देश के युवाओं छात्रों व जेन ज़ी की आवाज़ बन चुके हैं और सत्ता के लिये गंभीर चुनौती साबित हो रहे हैं।

मेष आज का दिन नई उम्मीदों और सुनहरे अवसरों की सौगात लेकर आया है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं और धन लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं, लेकिन बढ़ते खर्चों पर भी नजर रखना जरूरी होगा।

वृषभ आज किस्मत आपके कदमों से कदम मिलाकर चलती नजर आएगी। आर्थिक मामलों में अच्छी प्रगति होगी और आपकी मेहनत का पूरा लाभ मिलने की संभावना है। माता-पिता का आशीर्वाद किसी रुके हुए कार्य को पूरा कराने में मदद करेगा।

मिथुन आज राहत और सुकून का एहसास होगा। लंबे समय से चली आ रही परेशानियां धीरे-धीरे खत्म होती दिखाई देंगी। आपकी बुद्धिमानी और चतुराई कई मुश्किल कामों को आसान बना देगी।

कर्क आज अचानक मिलने वाला कोई लाभ आपका दिन खास बना सकता है। लंबे समय से रुका हुआ कार्य पूरा होने की दिशा में तेज़ी आएगी। हालांकि दूसरों के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देने से बचें, वरना बेवजह विवाद खड़ा हो सकता है।

सिंह आज आपकी मधुर वाणी और सकारात्मक व्यवहार लोगों का दिल जीत लेगा। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में बड़े अवसरों का कारण बन सकती है। नौकरी में अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा और व्यापार में भी अच्छे परिणाम मिलने के संकेत हैं।

कन्या आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और जिम्मेदारी की खूब सराहना होगी। काम समय पर पूरे होंगे और नई योजनाओं पर भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। संतान से जुड़ी किसी बात को हल्के में न लें, समय रहते ध्यान देना बेहतर रहेगा।

तुला आज का दिन रिश्तों और खुशियों को मजबूत करने वाला रहेगा। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक शांति देगा। कोई पुराना लेन-देन समाप्त होने से राहत मिलेगी। सरकारी मामलों में सावधानी रखना जरूरी होगा।

वृश्चिक आज धैर्य और समझदारी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। जीवन में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और घर के लिए कुछ नया खरीदने का विचार बन सकता है। वाहन चलाते समय पूरी सावधानी रखें और जल्दबाजी से बचें।

धनु आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत अच्छे परिणाम भी दिलाएगी। आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आएंगे और आप पूरे उत्साह के साथ उन पर काम करेंगे। स्वास्थ्य से जुड़ी पुरानी परेशानी में राहत मिलने की संभावना है।

मकर आज का दिन आपको सतर्कता और धैर्य का महत्व सिखाएगा। किसी भी काम में लापरवाही नुकसान का कारण बन सकती है, इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लें। विद्यार्थियों का तनाव कम होगा और पढ़ाई में मन लगेगा।

कुंभ आज प्रगति के नए रास्ते आपके सामने खुल सकते हैं। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। सरकारी कार्यों में थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है, लेकिन अंत में परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। किसी रिश्तेदार से मुलाकात पुराने रिश्तों में नई गर्माहट लाएगी।

मीन आज का दिन नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दे रहा है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे और घर में खुशियों का माहौल बनेगा। परिवार के किसी सदस्य को करियर या नौकरी से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। सहकर्मियों के साथ बातचीत में संयम रखें.

### सू- दोकू क्र.125

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.124 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -125

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 124 का हल**



# आत्मनिर्भर चिकित्सा तकनीक : सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं और विकसित भारत की मजबूत नींव

**जगत प्रकाश नड्डा**



भारत ने पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार किया है। सरकारी और निजी क्षेत्र में अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जांच केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। यह सरकार की ऐसी नीतियों को दर्शाता है, जिनका केंद्र आम नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए काम किया है। इन लगातार किए गए प्रयासों का परिणाम है कि देश में लोगों द्वारा अपनी जेब से स्वास्थ्य सेवाओं पर किए जाने वाले खर्च में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी कमी आई है। यह खर्च पहले 65 प्रतिशत तक था, जो अब घटकर 43 प्रतिशत रह गया है। जिला अस्पताल में जन्म लेने वाले नवजात शिशु से लेकर बड़े अस्पताल में इलाज करा रहे कैंसर मरीज तक, आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में भरोसेमंद, अच्छी गुणवत्ता वाले और किफायती चिकित्सा उपकरण बेहद जरूरी हो गए हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत कर रही है। इसके लिए प्रयोगशालाओं को बेहतर बनाने, गंभीर मरीजों के इलाज की सुविधाएं बढ़ाने, बीमारियों की निगरानी व्यवस्था मजबूत करने और आपात स्थिति से निपटने की क्षमता बढ़ाने पर निवेश किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, अब जोर एक आत्मनिर्भर चिकित्सा तकनीक क्षेत्र तैयार करने पर है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और सस्ता, आसानी से उपलब्ध और किसी भी संकट के समय मजबूत बनाना है।

पहले ,भारत कई आधुनिक और जटिल चिकित्सा उपकरणों के लिए काफी हद तक दूसरे देशों से होने वाले आयात पर निर्भर था। इन तकनीकों से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तो हुआ, लेकिन इससे इलाज की लागत बढ़ी, आपूर्ति व्यवस्था पर बाहरी निर्भरता बनी रही और इन उपकरणों की पहुंच सीमित रही। इसी जरूरत को देखते हुए राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 में देश के भीतर आधुनिक चिकित्सा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसका उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों को सस्ता बनाना और जांच की लागत कम करना है। सरकार ने चिकित्सा उपकरणों के पूरे क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, चिकित्सा उपकरण पार्क और दवा एवं चिकित्सा तकनीक के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने वाली योजना शामिल हैं। इन पहलों से देश में चिकित्सा उपकरणों के निर्माण, नए शोध, निवेश और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर माहौल तैयार हो रहा है। नतीजे उत्साह बढ़ाने वाले हैं। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत 50 से अधिक आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का देश में उत्पादन शुरू हो चुका है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है, जो वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। ये उपलब्धियां बताती हैं कि भारत धीरे-धीरे दुनिया के चिकित्सा तकनीक क्षेत्र में एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभर रहा है।सिर्फ चिकित्सा उपकरणों का निर्माण केंद्र बनने के अलावा, भारत तेजी से आधुनिक चिकित्सा तकनीकों को अपना भी रहा है, ताकि लोगों का जीवन बेहतर बनाया जा सके। आधुनिक जांच सुविधाओं, शरीर की अंदरूनी तस्वीर लेने वाली मशीनों, शरीर में लगाए जाने वाले चिकित्सा उपकरणों, गहन चिकित्सा की मशीनों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती दर पर उपलब्ध कराने से मरीजों पर इलाज का आर्थिक बोझ कम होता है। साथ ही इलाज की गुणवत्ता और समय पर इलाज मिलने में भी सुधार होता है। देश में ही चिकित्सा उपकरण बनने से विदेशों से आयात पर निर्भरता घटती है, आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होती है और लागत कम करने के अवसर बढ़ते हैं।

भारत का विश्व स्तर पर पहचान बना चुका दवा उद्योग, मजबूत इंजीनियरिंग क्षमता, तेजी से फैलता डिजिटल ढांचा, तेजी से बढ़ता नए उद्यमों का क्षेत्र और कुशल मानव संसाधन अगली पीढ़ी की चिकित्सा तकनीक विकसित करने के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, चिकित्सा उपकरण के रूप में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर (एसएमडी) , इंटरनेट से जुड़े चिकित्सा उपकरण, रोबोट आधारित तकनीक और दूर से जांच जैसी नई तकनीकों में भारत के पास देश और दुनिया की स्वास्थ्य जरूरतों के लिए नए समाधान विकसित करने के बड़े अवसर हैं।

जैसे-जैसे भारतीय कंपनियां दुनिया के बाजार में विस्तार कर रही हैं, गुणवत्ता भी भारत में बने चिकित्सा उपकरणों की सबसे बड़ी पहचान बनती जा रही है। सरकार नियामक व्यवस्था को मजबूत करने, मान्यता प्राप्त जांच सुविधाओं का विस्तार करने, चिकित्सा उपकरणों की प्रभावशीलता से जुड़े वैज्ञानिक प्रमाण तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवस्था विकसित करने पर जोर दे रही है। इससे मरीजों की सुरक्षा बढ़ेगी और वैश्विक बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता भी मजबूत होगी।दुनिया के स्तर पर प्रतिस्पर्धी चिकित्सा तकनीक क्षेत्र तैयार करने के लिए सरकार, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा देने वालों, नए उद्यमों और निवेशकों के बीच करीबी सहयोग जरूरी है। जब प्रयोगशालाओं में तैयार विचार आसानी से कारखानों तक और वहां से मरीजों तक पहुंचते हैं, तभी नए आविष्कारों को वास्तविक लाभ में बदला जा सकता है। सरकार ऐसी स्थिर और पारदर्शी नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनसे शोध, निवेश, तकनीकी साझेदारी और कारोबार करना आसान हो। भारत जैसे-जैसे विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास एक-दूसरे को और मजबूत करेंगे। एक मजबूत चिकित्सा उपकरण उद्योग उच्च मूल्य वाले उत्पादन, कुशल रोजगार, निर्यात और तकनीकी क्षमता को बढ़ावा देगा। साथ ही इससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सस्ती, आसानी से उपलब्ध और किसी भी संकट के समय अधिक मजबूत बनेंगी।

भारत का चिकित्सा तकनीक क्षेत्र एशिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है और दुनिया के शीर्ष 20 बाजारों में शामिल है। फिलहाल इसका आकार 15 से 16 अरब डॉलर है और यह करीब 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है। इस वजह से यह देश के सबसे तेजी से बढ़ते विनिर्माण क्षेत्रों में से एक बन गया है। विकसित भारत का लक्ष्य गुणवत्ता, नए आविष्कार और सभी को साथ लेकर चलने के आधार पर दुनिया में नेतृत्व करने पर जोर देता है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि नई चिकित्सा तकनीकें भारत की प्रमुख स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करें। इनमें माताओं और बच्चों का स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग, आपातकालीन चिकित्सा, कैंसर, हृदय रोग और ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच शामिल हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत लगातार एक आत्मनिर्भर चिकित्सा तकनीक व्यवस्था तैयार कर रहा है। इसका उद्देश्य केवल भारत में चिकित्सा उपकरण बनाना नहीं है, बल्कि हर नागरिक को समय पर अच्छी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करना और बेहतर स्वास्थ्य के लिए भारत को दुनिया के एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में स्थापित करना है।

**(लेखक भारत सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं।)**

## एक नजर

### मीशो सर्विस सेंटर में चोरी



**बीजापुर/भोपालपटनम 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भोपालपटनम ब्लाक मुख्यालय में इन दिनों लगातार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी के वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। आत्मानंद स्कूल के बगल से जनपद पंचायत कार्यालय जाने वाले मार्ग पर स्थित मीशो सर्विस सेंटर में शुक्रवार रात को चोरों ने धावा बोला है। चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर सेंटर में प्रवेश किया और करीब 10 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। इसके अलावा कुछ अन्य सामान भी गायब होने की आशंका है। वारदात के बाद व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार सर्विस सेंटर के मैनेजर प्रवीण के.जी. प्रतिदिन की तरह सेंटर बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो पीछे का दरवाजा टूटा हुआ और खुला मिला। अंदर पहुंचने पर कमरे की बिजली भी बंद थी। कर्मचारियों के मौके पर पहुंचने के बाद चोरी की आशंका और स्पष्ट हुई। मैनेजर ने तत्काल भोपालपटनम थाने में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश पटेल एवं एसडीओपी घनश्याम कामरे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कर्मचारियों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी की इस वारदात में सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आई कि चोरों ने सेंटर में प्रवेश करने से पहले बाहर लगे बिजली मीटर से फ्यूज निकाल दिया, जिससे परिसर की बिजली आपूर्ति बंद हो गई और सीसीटीवी कैमरे भी निष्क्रिय हो गए। बाद में कर्मचारियों द्वारा बिजली कनेक्शन बहाल किए जाने पर कैमरे दोबारा चालू हुए। बिजली काटने की घटना से पुलिस के सामने यह बिंदु भी जांच का विषय बन गया है कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को सेंटर की व्यवस्था और सीसीटीवी के संबंध में पहले से जानकारी थी या नहीं। मैनेजर के अनुसार प्रारंभिक तौर पर करीब 10 हजार रुपये नगद चोरी होने की जानकारी सामने आई है। कुछ अन्य सामान भी गायब होने की बात कही जा रही है। हालांकि चोरी गए सामान की वास्तविक संख्या और कीमत का पता स्टॉक मिलान के बाद ही चल सकेगा।

### 21 वर्षों बाद फिर गूंजी मेटापारा कोरसागुड़ा पाठशाला में घंटी

**बीजापुर,9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 21 वर्षों से बंद पड़े स्कूलों को पुनः संचालित कर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के अभियान को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। कलेक्टर श्री विश्वदीप की पहल पर उसूर विकासखंड के प्राथमिक शाला मेटापारा, कोरसागुड़ा का पुनः संचालन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विद्यालय में प्रवेश लेने वाले 25 बच्चों का फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय के पुनः संचालन के अवसर पर बच्चों को स्लेट, पुस्तकें एवं पेंसिल वितरित की गईं, जिससे उनके शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत हुई। लंबे अंतराल के बाद गांव में फिर से विद्यालय खुलने से ग्रामीणों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री शंकरैया माड़वी ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है और स्कूलों के पुनः संचालन से दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को अपने गांव में ही शिक्षा का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर सरपंच, बीईओ श्री एम.वी. राव, श्री रामकृष्ण पी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश पांडे ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से वर्तमान शिक्षा सत्र में जिले में अब तक 38 बंद स्कूलों का पुनः संचालन किया जा चुका है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वैकल्पिक संसाधनों एवं शिक्षादूतों के माध्यम से अध्यापन कार्य प्रारंभ किया गया है, जिससे वर्षों से शिक्षा से वंचित बच्चों को फिर से विद्यालयों से जोड़ने का कार्य लगातार आगे बढ़ रहा है।

### सरकारी योजनाओं के सहयोग और खेती की बदौलत जोगी कश्यप बनीं संघर्ष और स्वावलंबन की मिसाल

**बीजापुर 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम तालनार, विकासखंड भैरमगढ़ की निवासी श्रीमती जोगी कश्यप ने विपरीत परिस्थितियों में भी साहस और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए अपने परिवार के लिए नई उम्मीद की राह बनाई है। नक्सली हिंसा में पति स्वर्गीय लक्ष्मण कश्यप को खोने के बाद उन्होंने हार मानने के बजाय खेती को ही अपनी आजीविका का आधार बनाया। 51 वर्षीय श्रीमती जोगी कश्यप अपनी 2.023 हेक्टेयर कृषि भूमि पर खरीफमौसम में धान तथा रबी सीजन में सब्जियों की खेती कर रही हैं। वर्षों के खेती के अनुभव और अथक मेहनत से वे लगातार उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। कृषि विभाग की योजनाओं से उन्हें महत्वपूर्ण सहयोग मिला। विभाग द्वारा नलकूप खनन कराए जाने से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई, जिससे खेती अधिक सुरक्षित और लाभकारी बन गई। बेहतर सिंचाई व्यवस्था के कारण कृषि उनकी स्थायी आय का स्रोत बनी है। आज खेती से होने वाली आय के माध्यम से वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं तथा बच्चों की शिक्षा भी सुचारु रूप से संचालित हो रही है। श्रीमती जोगी कश्यप की सफलता की कहानी यह संदेश देती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प, मेहनत और सरकारी योजनाओं के प्रभावी सहयोग से आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की नई शुरुआत की जा सकती है।

# पनीर के नाम पर मिलावट का खेल नहीं चलेगा, एनालॉग पनीर पर प्रशासन सख्त

■ **खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने किराना, डेयरी, होटल-रेस्टोरेंट संचालकों की ली बैठक; दुकानों की जांच, नोवल डेयरी से पनीर का नमूना रायपुर भेजा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 9 अगस्त।** जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता न हो, इसे लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। शासन के निर्देश के बाद अमानकीकृत डेयरी एनालॉग एवं गैर-दुग्ध उत्पादों को दुग्ध उत्पाद के समान बताकर बेचने पर प्रतिबंध के पालन को लेकर विभाग ने खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

इसी सिलसिले में 7 अगस्त को खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पनीर का विक्रय एवं वितरण करने वाले किराना दुकानदारों, डेयरी, होटल, रेस्टोरेंट, कैफे और ढाबा संचालकों की बैठक आयोजित की। बैठक में अभिहित अधिकारी डी.के. देवांगन और वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता ने कारोबारियों को प्रतिबंधित एनालॉग पनीर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एनालॉग पनीर का क्रय-विक्रय पूरी तरह बंद किया जाए। खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा संबंधी जागरूकता पोस्टर एवं पाम्पलेट भी वितरित किए गए। बारिश के मौसम को देखते हुए खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, रख-रखाव और स्वच्छता को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।

**शहर में पनीर विक्रेताओं की जांच:** बैठक के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के विभिन्न पनीर विक्रेताओं, डेयरी एवं रेस्टोरेंट में जांच की। जांच के दौरान दुकानों में पनीर का विक्रय होना पाया गया, लेकिन एनालॉग पनीर की बिक्री सामने नहीं आई।

जांच के दौरान नोवल डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया, जिसे गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई:** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले के सभी खाद्य कारोबारियों से खाद्य सुरक्षा एवं मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित अथवा अमानकीकृत खाद्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण या विक्रय की शिकायत मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा के साथ संस्कृति से जुड़ाव भी है जरूरी : पद्मश्री बुधरी ताती

## एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण में हर्षोल्लास से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस





■ **जनजातीय संस्कृति, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का दिया गया संदेश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 9 अगस्त।** जावंगा में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कटेकल्याण में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती, विशेष अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष अंति वेक थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में उप प्राचार्य टी.एल. साहू ने स्वागत उद्बोधन में विश्व आदिवासी दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं विरासत के संरक्षण में नई पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विशेष रूप से विद्यालय की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास का सशक्त माध्यम है। इसीलिए अपने लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। विशेष अतिथि अंति वेक ने गोंडी बोली में प्रेरणादायी उद्बोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, भाषा एवं परंपराओं से जुड़े रहते हुए आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती के समाजसेवा एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद डॉ. ताती ने गाँव-गाँव जाकर लोगों में जागरूकता फैलाने तथा समाज की बेहतरी के लिए जो कार्य किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। उनकी संघर्षशीलता, सेवा भावना और सफलता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षित रखते हुए शिक्षा के माध्यम से नई ऊँचाइयों को प्राप्त करना वर्तमान समय की आवश्यकता है।

### सदनवार प्रस्तुतियों से बंधा समाँ

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विद्यालय के गंगा, गोदावरी, ब्रह्मपुत्र व तापी सदन द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। विद्यार्थियों ने जनजातीय सामूहिक गीत, एकल गीत, समूह नृत्य एवं पारंपरिक वाद्ययंत्र वादन के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने हिंदी व अंग्रेजी भाषा में विश्व आदिवासी दिवस तथा जनजातीय समाज के महत्व पर भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति कौशल का परिचय दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन छात्राएँ भावना सलाम व खुशी ने और अंत में शिक्षक शिवकुमार ने आभार व्यक्त किया।

समारोह को सफल एवं गरिमामय बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

### संस्कृति संरक्षण का लिया संकल्प

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा, कला एवं जनजातीय विरासत के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया।

## सरस्वती साइकिल योजना ने आसान किया स्कूल तक का सफर, छात्राओं के चेहरों पर खिली मुस्कान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 9 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय चेरपल्ली में कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलने के बाद छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों से स्कूल आने वाली बेटियों के लिए यह साइकिल न केवल आवागमन का साधन बनेगी, बल्कि उनकी पढ़ाई के सफर को भी आसान करेगी।

विद्यालय परिसर में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत चेरपल्ली की सरपंच स्वर्णा वासम रहीं। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष राजकुमार वासम, विद्यालय की प्राचार्य सुशीला लम्बाडी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्राओं के पालक मौजूद रहे।

साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में पहले की अपेक्षा सुविधा होगी। विशेषकर दूर-दराज के इलाकों से पैदल स्कूल पहुंचने वाली छात्राओं के लिए साइकिल समय और मेहनत दोनों बचाने में मददगार साबित होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सरस्वती साइकिल योजना को बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के हाथों में साइकिल की चाबी पहुंचना उनके लिए महज आवागमन की सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ता एक कदम है।

# शहीद नारायण सोढ़ी के परिवार से मिले प्रशासनिक अधिकारी,तिरंगा झंडा भेंट कर किया सम्मान

■ **शांतिनगर स्थित निवास पहुंचकर कलेक्टर विश्वदीप सहित अधिकारियों ने जाना परिजनों का हालचाल, शहीद के सर्वोच्च बलिदान को किया नमन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 9 अगस्त।** तिरंगा यात्रा के संदेश के तहत जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम ने आज मुठभेड़ में शहीद हुए स्वर्गीय नारायण सोढ़ी के वार्ड क्रमांक 07 शांतिनगर, बीजापुर स्थित निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। अधिकारियों ने शहीद परिवार का हालचाल जाना और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

अधिकारियों ने शहीद परिवार को तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर देश की सेवा में शहीद नारायण सोढ़ी द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उन्हें नमन किया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा और सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों का बलिदान देश सदैव याद रखेगा। शहीद परिवार का सम्मान और उनकी भावनाओं का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**शहीद को दी श्रद्धांजलि:** इस दौरान कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, एसडीएम जागेश्वर कौशल, तहसीलदार, नगर पालिका परिषद बीजापुर के सीएमओ बी एल नूरेटी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, पार्षद मुन्नालाल ताती सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्टायफंड वृद्धि की मांग को लेकर सांकेतिक रैली निकाली गई

**कांकेर 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्व श्रीमती इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कांकेर के एमबीबीएस इंटर्न चिकित्सकों द्वारा स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को लेकर जारी हड़ताल के चौथे दिन शुक्रवार को एक सांकेतिक रैली निकाली गई। दोपहर 1 बजे केडी हॉस्पिटल, कांकेर से प्रारंभ हुई यह रैली न्यू बस स्टैंड, कांकेर तक निकाली गई। रैली का उद्देश्य राज्य सरकार का ध्यान इंटर्न चिकित्सकों की लंबे समय से लंबित स्टाइपेंड वृद्धि की मांग की ओर आकर्षित करना था। इंटर्न चिकित्सकों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें ?15,900 प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाता है, जिसे बढ़ाकर ?30,000 प्रतिमाह किए जाने की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि वर्तमान स्टाइपेंड बढ़ती महंगाई और कार्यभार की तुलना में अपर्याप्त है।

# उफनती चिंतावागु नदी के बीच 'जीवनरक्षक' बनी डीडीआरएफ टीम

■ **बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए नदी में उतरे जवान, तहसीलदार की सूचना पर नगर सेना ने किया सफल रेस्क्यू**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 9 अगस्त।** लगातार बारिश के बीच जिले में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में आवागमन प्रभावित हो रहा है। ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात में जिला प्रशासन और नगर सेना की डी.डी.आर.एफ टीम जरूरतमंदों के लिए जीवनरक्षक साबित हो रही है। शनिवार को टीम ने उफनती चिंतावागु नदी के तेज बहाव के बीच एक बीमार महिला और उसके परिजनों को सुरक्षित नदी पार कराकर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की।

जानकारी के अनुसार बीजापुर तहसीलदार को सूचना मिली थी कि ग्राम गुड्डीपाल निवासी विमला अंगनपल्ली, पति गणपत अंगनपल्ली, चिंन्नाकवली के पास चिंतावागु नदी के दूसरी ओर फंसी हुई हैं। महिला की तबीयत खराब थी और उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाना जरूरी था।

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार की सूचना पर डी.डी.आर.एफ नगर सेना की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। नदी में बढ़े जलस्तर और तेज बहाव के बावजूद रेस्क्यू टीम ने पूरी सावधानी और सूझबूझ के साथ अभियान शुरू किया।

टीम ने बीमार महिला के साथ उनके पति एवं अन्य परिजनों को सुरक्षित नदी पार कराया। नदी पार कराने के बाद महिला को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर भेजा गया।

### समय पर मदद से मिली उपचार की सुविधा

रेस्क्यू टीम की तत्परता के चलते बीमार महिला को समय पर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा सका। जिला प्रशासन की सक्रियता और डी.डी.आर.एफ नगर सेना के जवानों की मुस्तैदी से रेस्क्यू अभियान सफल रहा।

### तेज बहाव वाले नदी-नालों से दूर रहने की अपील

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि बारिश के दौरान नदी-नालों में जलस्तर बढ़ने पर तेज बहाव वाले स्थानों को पार करने का जोखिम न उठाएं। किसी भी तरह की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रशासन अथवा संबंधित रेस्क्यू टीम को सूचना दें। ताकि जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों तक तत्काल राहत और सहायता पहुंचाई जा सके।

## कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर 12 चालान, दुकानदारों को दी सख्त हिदायत

■ **कोतवाली पुलिस, ड्रग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने चलाया विशेष अभियान**

**बीजापुर,9 अगस्त।** तंबाकू एवं धूम्रपान से जुड़े नियमों के पालन को लेकर थाना कोतवाली पुलिस, ड्रग विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने जिले में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोटपा एक्ट, 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान कुल 12 चालान किए। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कोटपा एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। टीम ने दुकानदारों एवं आम नागरिकों को तंबाकू उत्पादों के सेवन और बिक्री से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी।

**स्कूल-अस्पताल जैसे स्थानों पर तंबाकू सेवन प्रतिबंधित :** अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों तथा विद्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल सहित अन्य शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संस्थानों में धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पादों का सेवन प्रतिबंधित है। इसके अलावा तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन करना, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना तथा शैक्षणिक संस्थानों के निर्धारित दायरे में इनकी बिक्री करना भी कानूनन प्रतिबंधित है।

अभियान के दौरान टीम ने व्यापारियों को नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए स्पष्ट किया कि तंबाकू उत्पादों के संबंध में निर्धारित प्रावधानों की अनदेखी करने पर आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**आगे भी जारी रहेगा संयुक्त अभियान :** संयुक्त टीम ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से कोटपा एक्ट के प्रावधानों का पालन करने तथा तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए इस तरह की संयुक्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नवीन कन्या हाई स्कूल में छात्राओं को मिली साइकिल, शिक्षा की राह हुई आसान

**बीजापुर 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एजुकेशन सिटी बीजापुर स्थित नवीन कन्या हाई स्कूल में बुधवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति (स्स्ष्ट), शिक्षकों एवं पालकों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 59 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य अनुसुईया तारम सहित शिक्षकगण, पालक एवं छात्राएं मौजूद रहीं। साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह नजर आया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए आवागमन की सुविधा बेहद महत्वपूर्ण है। सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में सहायक साबित हो रही है। पालकों ने भी शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और समय की बचत भी होगी। इससे विद्यालय में छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ाने तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण एवं पालकों ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने भविष्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# मौसमी बीमारियों और आपदा से बचाव को लेकर चिकित्सा अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- बाढ़, सर्पदंश और आकाशीय बिजली से बचाव के साथ डायरिया, मलेरिया व डेंगू की रोकथाम पर हुई विस्तृत चर्चा
- राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**रायगढ़, 9 अगस्त।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में वर्षा ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाली आपदाओं एवं मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम तथा प्रभावी स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से मानसून के दौरान बाढ़ की स्थिति में उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर चर्चा की गई। बाढ़ के बाद दूषित जल एवं भोजन के सेवन से होने वाली बीमारियों, संक्रमण के फैलाव तथा प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताया गया।



**सर्पदंश एवं आकाशीय बिजली से बचाव की दी गई जानकारी:** वर्षा ऋतु में सर्पदंश की घटनाओं की आशंका को देखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को सर्पदंश से बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। लोगों को सर्पदंश की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता लेने, झाड़-फूंक अथवा किसी भी प्रकार के घरेलू उपचार से बचने तथा समय पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने के संबंध में जागरूक करने पर जोर दिया गया। इसी प्रकार आकाशीय बिजली एवं गर्जना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी भी दी गई। खुले स्थानों, पेड़ के नीचे तथा बिजली के खंभों के आसपास खड़े होने से बचने, मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थान पर रहने तथा आकाशीय बिजली से प्रभावित व्यक्ति को तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई।

## डायरिया, पीलिया, हेपेटाइटिस, मलेरिया और डेंगू की रोकथाम पर जोर

कार्यशाला में वर्षा ऋतु में अधिक सामने आने वाली अन्य मौसमी बीमारियों के संबंध में भी चिकित्सा अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें डायरिया, उल्टी-दस्त, पीलिया, हेपेटाइटिस, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में चर्चा की गई। चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों की स्थिति पर सतत निगरानी रखें तथा संदिग्ध मरीजों की समय पर पहचान कर आवश्यक जांच एवं उपचार सुनिश्चित करें। जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग, भोजन को ढककर रखने, हाथों की नियमित सफाई तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक करने पर भी बल दिया गया। मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम के लिए मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने, घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देने तथा बुखार आने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने के लिए लोगों को प्रेरित करने की बात कही गई। कार्यशाला का उद्देश्य वर्षा ऋतु में संभावित स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति चिकित्सा अधिकारियों को तैयार करना तथा जिले में आपदा एवं मौसमी बीमारियों की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना रहा।

## एक नजर

### रिटेल सेल्स असिस्टेंट और सुरक्षा गार्ड का दिया जाएगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में रिटेल सेल्स असिस्टेंट और सुरक्षा गार्ड कोर्सों में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के अभ्यर्थी आगामी 14 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि रिटेल सेल्स असिस्टेंट प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदन कर सकते हैं। वहीं पुरूषों के लिए आयोजित सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम ऊंचाई 5 फीट 6 इंच और आठवीं उत्तीर्ण आवेदक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड और पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में जमा किया जा सकता है।

### 437 पदों पर भर्ती के लिए 10 अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

**धमतरी, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, धमतरी द्वारा 437 पदों पर भर्ती के लिए आगामी 10 अगस्त को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय, कम्पोजिट बिल्डिंग (कलेक्टर ऑफिस के पास), धमतरी में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, सेल्स ऑफिसर, बीमा सखी, इंश्योरेंस एडवाइजर, असिस्टेंट मैनेजर ट्रेनी, डिप्टी एडवाइजर, सुरक्षा गार्ड, ओटी टेक्निशियन, टीम लीडर, नर्सिंग स्टाफ ट्रेनिंग ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव और काउंसलर जैसे विविध पदों पर भर्ती की जाएगी। इन रिक्तियों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, एग्रीकल्चर ग्रेजुएट, अन्य विषयों में स्नातक, नर्सिंग तथा ओटी टेक्निशियन उत्तीर्ण रखी गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार रोजगार मेला में शामिल होकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर अपने सभी मूल शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रमाण-पत्रों तथा उनकी छायाप्रतियों के साथ स्थल पर उपस्थित होकर सीधे साक्षात्कार में भाग लें।

### पशुपालकों को सस्ती दर पर मिलेंगी जेनेरिक पशु औषधियां

**धमतरी, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित Livestock Health and Disease Control Programme (LHDCP) के अंतर्गत पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती पशु औषधियां उपलब्ध कराने की दिशा में जिले में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में पशु औषधि विक्रय केंद्र (P.A.V.K.- Pashu Aushadhi Vikray Kendra) की स्थापना के लिए प्राप्त आवेदन के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है। संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं, छत्तीसगढ़, रायपुर से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में विकासखंड धमतरी से प्राप्त PAVK आवेदन पोर्टल पर स्वीकृत (Accepted) होने के पश्चात आवेदन की अर्हता पूर्ण करने के लिए प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन 6 अगस्त 2026 को उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला धमतरी द्वारा किया गया। इस दौरान PAVK आवेदक देवेश कुमार सिन्हा, सिन्हा कृषि केंद्र (पीएम किसान समृद्धि केंद्र), ग्राम कोलियरी, विकासखंड धमतरी तथा फार्मासिस्ट प्रतीक वाटवानी, धमतरी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक पोर्टल पर स्वीकृत आवेदनों में दस्तावेज सत्यापन के चरण तक पहुंचने वाला यह एकमात्र आवेदन है, जिससे जिले को इस पहल में अग्रणी अवसर मिला है। PAVK का संचालन प्रारंभ होने के बाद विकासखंड धमतरी क्षेत्र के पशुपालकों को जेनेरिक पशु औषधियां सस्ती एवं उचित दरों पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। इससे पशुओं के उपचार में होने वाले खर्च को कम करने, समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने तथा पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण में मदद मिलेगी।

# हितग्राहियों से संपर्क कर समस्याओं के त्वरित निराकरण पर दिया जोर

## अल्प प्रगति वाले आवासों को लेकर सीईओ ने ली समीक्षा बैठक, आगामी सप्ताह में पूर्णता का दिया लक्ष्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 अगस्त।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जिले में निर्माणाधीन आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर निर्माण की गति बढ़ाने के उद्देश्य से आज जिला पंचायत में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने बैठक में सभी जनपद पंचायतों से अल्प प्रगति वाले 5-5 ग्राम पंचायत सचिवों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की टीम के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ पठारे ने प्रत्येक सचिव से उनके ग्राम पंचायतों में आवास निर्माण की स्थिति, निर्माण की गति तथा अप्रारंभ आवासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, उन्हें प्राथमिकता के साथ गति देते हुए आगामी सप्ताह में अधिक से अधिक आवासों को पूर्ण कराया जाए। साथ ही जिन हितग्राहियों के आवास अभी तक अप्रारंभ हैं, उनसे तत्काल संपर्क कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने तथा उन्हें अगले निर्माण स्तर तक लाने के निर्देश दिए गए।



### जमीनी स्तर पर हितग्राहियों से संपर्क कर बढ़ाएं आवास निर्माण की गति

समीक्षा के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों एवं सचिवों को केवल कार्यालय स्तर पर समीक्षा तक सीमित न रहते हुए जमीनी स्तर पर प्रत्येक हितग्राही से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हितग्राही के आवास निर्माण में किस स्तर पर समस्या आ रही है, इसकी वास्तविक जानकारी मौके पर पहुंचकर प्राप्त की जाए और समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण सामग्री, मजदूरी, तकनीकी मार्गदर्शन अथवा अन्य किसी कारण से यदि आवास निर्माण में विलंब हो रहा है तो संबंधित विभागीय अमला एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। हितग्राहियों को योजना के तहत मिलने वाली सहायता एवं निर्माण के विभिन्न चरणों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे समय पर अपने आवास का निर्माण पूर्ण कर सकें। सीईओ पठारे ने सचिवों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका सीधा लाभ जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के रूप में मिलता है। इसलिए प्रत्येक स्वीकृत आवास की प्रगति की नियमित निगरानी करते हुए उसे समय पर पूर्ण कराना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

**अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने और साप्ताहिक प्रगति पर निगरानी के निर्देश:** बैठक में विशेष रूप से अल्प प्रगति एवं अप्रारंभ आवासों पर फोकस करते हुए पंचायतवार प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने सचिवों को आगामी सप्ताह के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सचिव अपने क्षेत्र के हितग्राहियों से लगातार संपर्क में रहें तथा निर्माणाधीन आवासों की प्रगति को अगले चरण तक पहुंचाने के लिए मौके पर जाकर निगरानी करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवास निर्माण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो तथा प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। आगामी समीक्षा में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि की जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की टीम द्वारा योजना की प्रगति से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की टीम तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर धमतरी में सप्ताह भर होंगे राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



- राष्ट्रप्रेम व सांस्कृतिक चेतना का महापर्व : धमतरी में 7 से 15 अगस्त तक होंगे वंदे मातरम् आधारित आयोजन

**धमतरी, 9 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के निर्देशन में धमतरी जिले में 7 से 15 अगस्त 2026 तक वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तृतीय चरण के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जिला पंचायत द्वारा धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कार्यक्रमों का प्रभावी एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले के शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वंदे मातरम् के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर आधारित विविध आयोजन किए जाएंगे। इनमें प्रभात फेरियां, सामूहिक वंदे मातरम् गायन, देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संगोष्ठियां, व्याख्यानमाला, निबंध, भाषण, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताएं, राष्ट्रभक्ति विषयक प्रदर्शनी, वृक्षारोपण, स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान सहित अनेक रचनात्मक गतिविधियां शामिल रहेंगी। स्थानीय लोक संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को भी इन आयोजनों में प्रमुखता से स्थान दिया जाएगा।

### बीमार तोते को मिला समय पर इलाज, पशु चिकित्सालय कुरूद में बची नन्ही जान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- सर्दी-बुखार से पीड़ित करीब एक साल के तोते का डॉक्टरों ने किया उपचार, दवाओं के साथ दी विशेष देखभाल की सलाह

**धमतरी, 9 अगस्त।** इंसानों की तरह बेजुबान पक्षियों को भी समय पर उपचार और देखभाल की जरूरत होती है। इसी संवेदनशीलता की मिसाल आज कुरूद के पशु चिकित्सालय में देखने को मिली, जब सर्दी और बुखार से पीड़ित करीब एक वर्ष उम्र का एक युवा तोता उपचार के लिए लाया गया। तोते की हालत देखकर उसके मालिक ने तत्काल उसे पशु चिकित्सालय पहुंचाया। यहां पशु चिकित्सकों ने पक्षी की बारीकी से चिकित्सकीय जांच की और उसके स्वास्थ्य की स्थिति का परीक्षण किया। जांच में सर्दी और बुखार के लक्षण पाए गए। चिकित्सकों ने बिना देर किए आवश्यक उपचार शुरू किया। तोते को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार एंटीबायोटिक दवा और मल्टीविटामिन सिरप दिया गया। उपचार के साथ ही पक्षी के मालिक को उसकी देखभाल और स्वास्थ्य की निगरानी के संबंध में जरूरी सुझाव भी दिए गए। चिकित्सकों ने सलाह दी कि तोते को स्वच्छ एवं सुरक्षित स्थान पर रखा जाए, पर्याप्त आराम दिया जाए और उसके खान-पान तथा स्वास्थ्य में होने वाले किसी भी बदलाव पर नजर रखी जाए। पशु चिकित्सालय में बेजुबान पक्षी को मिले इस उपचार ने यह संदेश भी दिया कि पशु चिकित्सा सेवा केवल बड़े पशुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हर जीव के स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। समय पर मिली चिकित्सा से तोते के स्वस्थ होने की उम्मीद बढ़ी है।

# 'स्टीलमैन' ओपी जिंदल की जयंती पर वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और विशिष्टजन 'ओपी जिंदल कर्मयोगी सम्मान' से सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 अगस्त।** जिंदल समूह के संस्थापक और 'स्टीलमैन' के नाम से विख्यात ओपी जिंदल 'बाबूजी' की 7 अगस्त को जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रायगढ़ दृष्टि एवं के.के. फिल्म्स की ओर से जिंदल स्टील परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्टजनों को 'ओपी जिंदल कर्मयोगी सम्मान' से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत जिंदल स्टील परिसर में स्थित ओपी जिंदल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद कंपनी और समाज के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। रायगढ़ दृष्टि के अध्यक्ष एवं के.के. फिल्म्स के डायरेक्टर कमल शर्मा ने कहा, ÷रायगढ़ को देश में एक औद्योगिक जिले के रूप में पहचान दिलाने में ओपी जिंदल बाबूजी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, ÷सही मायने में एक कस्बाई शहर से रायगढ़ को बड़े शहर और औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान जेएसपीएल की स्थापना के बाद से ही शुरू हुई। आज हमारा रायगढ़ देश के साथ-साथ विश्व में भी स्टील व पावर हब के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि स्व. ओपी जिंदल के कार्यों और रायगढ़ के विकास में उनके योगदान को देखते हुए संस्था द्वारा हर साल उनकी जयंती और पुण्यतिथि मनाई जाती है, ताकि नई पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके।

'ओपी जिंदल कर्मयोगी सम्मान' से जिंदल स्टील के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर देबोज्योति रॉय, ओ.पी. जिंदल स्कूल के प्राचार्य आर. के. त्रिवेदी, जिंदल स्टील के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजीव चौहान, सीएसआर विभाग के अपूर्व चौधरी, सीएचआरओ प्रवीण जॉर्ज, एचआर विभाग के मनोज अवस्थी, योग गुरु डॉ. ओमप्रकाश सिंह, आशा द होप के गौरव कपूर, जिंदल स्टील के नीरज शर्मा, फोर्टिस ओ.पी. जिंदल हॉस्पिटल के सीओओ डॉ. प्रेम साहू तथा जिंदल स्टील के सिक्योरिटी हेड शुभांकर मुखर्जी सहित समाजसेवा, शिक्षा, खेलकूद, धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शहर के विशिष्टजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ओपी जिंदल बाबूजी के जीवन चरित्र और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### इस्पात उद्योग के पुरोधा के साथ सफल राजनीतिज्ञ

जिंदल उद्योग समूह के संस्थापक ओम प्रकाश जिंदल का जन्म 7 अगस्त 1930 को हरियाणा के नलवा गांव, हिसार में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने तकनीकी एवं इंजीनियरिंग की कोई विधिवत शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन इन विषयों के प्रति गहरे लगाव ने उन्हें एक सफल उद्योगपति बनाया। 'मैन ऑफस्टील' के अलंकरण से सुशोभित ओपी जिंदल ने भारत और विदेशों में कई इकाइयों की स्थापना की। आज इन इकाइयों का संचालन उनकी पत्नी सावित्री देवी जिंदल और चार पुत्र पृथ्वीराज जिंदल, सज्जन जिंदल, रतन जिंदल और नवीन जिंदल कर रहे हैं।

जिंदल समूह का मुख्य व्यवसाय स्टील से संबंधित है। ओपी जिंदल एक सफल राजनीतिज्ञ भी थे। जनसेवा करते हुए वे लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचे और 31 मार्च 2005 को 74 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। कार्यक्रम के अंत में कमल शर्मा ने कहा, ÷ओपी जिंदल जी कर्म, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रतीक थे। उनकी जयंती हम सभी के लिए प्रेरणा का दिन है।

### छिपली की दीदियों का कमाल, बकरीपालन से बढ़ी आय और मजबूत हुआ आत्मविश्वास

- बकरी पालन से लेकर मिनी राइस मिल तक, छिपली की महिलाओं ने खड़ी की बहुआयामी आजीविका
- मेहनत, एकजुटता और नवाचार से छिपली की महिलाएं बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी, 9 अगस्त।** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम छिपली की स्वावलंबी महिला स्व-सहायता समूह ने उल्लेखनीय मिसाल कायम की है। कभी छोटे-छोटे संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बीच अपनी आजीविका शुरू करने वाली समूह की महिलाएं आज बकरी पालन सहित विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई पहचान बना रही हैं। समूह की अध्यक्ष दुर्गेश नंदनी साहू बताती हैं कि समूह की शुरुआत चुनौतियों से भरी रही। सबसे पहले सभी महिलाओं को एकजुट कर सामूहिक रूप से काम करने की भावना विकसित करना चुनौती थी। आपसी समन्वय, विश्वास और निरंतर प्रयासों से संगठन मजबूत हुआ और महिलाओं ने बकरी पालन को आजीविका के प्रमुख साधन के रूप में अपनाया।

शुरुआती दौर में कभी लाभ तो कभी नुकसान की परिस्थितियां भी आईं, लेकिन महिलाओं ने हार नहीं मानी। पशुपालन विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के सहयोग से उन्होंने धीरे-धीरे अपनी गतिविधियों को विस्तार दिया।

### विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा अभियान के तहत जिले में 100 सप्ताह तक निरंतर चलेंगी जनजागरूकता गतिविधियां

# युवाओं को नशे से दूर रखकर स्वस्थ समाज का निर्माण हमारी जिम्मेदारी : अबिनाश मिश्रा

- एक सप्ताह का विशेष नशामुक्ति अभियान चलेगा, स्कूल-कॉलेजों से लेकर सामाजिक संस्थाओं की होगी सक्रिय भागीदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 9 अगस्त।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में नशामुक्ति अभियान के प्रभावी संचालन एवं जनभागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला युवा अधिकारी श्रुति डोंगरे, समाज कल्याण विभाग, आयुष विभाग के अधिकारी, विभिन्न स्वयंसेवी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि हम अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं तक सकारात्मक संदेश पहुंचाने में सफल होंगे, तो धमतरी को एक स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त जिला बनाने का लक्ष्य सहज रूप से प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से इस जनअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के आह्वान के अनुरूप जिले में एक सप्ताह का विशेष नशामुक्ति अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक समाज एवं संस्था अपने स्तर पर सात दिवसीय जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा व्यक्तित्व विकास, जीवन कौशल, योग, ध्यान एवं सकारात्मक जीवनशैली पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कबीर समाज द्वारा मगरलोड एवं बोरई क्षेत्र में किए जा रहे जनजागरूकता कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने अन्य संस्थाओं से भी ऐसे प्रयासों को व्यापक बनाने का आग्रह किया।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा अभियान के अंतर्गत जिले में आगामी 100 सप्ताह तक सतत एवं चरणबद्ध जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, युवा एवं महिला समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के समन्वय से नियमित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नशामुक्ति का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और यह अभियान एक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके।

# नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा:सीएम साय

**रायपुर, 9 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज शाम यहां राजधानी रायपुर के महोबा बाजार स्थित एक निजी होटल में आयोजित आईटीवी नेटवर्क और इंडिया न्यूज के युवा मंच कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सलवाद की समाप्ति के बाद अब छत्तीसगढ़ समन्वित रूप से प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक पूरे प्रदेश के लक्ष्यकेंद्रित विकास के लिए सरकार संकल्पित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशिष्टजनों सम्मानित किया।

युवा मंच कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में नक्सलवाद एक बड़ी बाधा थी। हमारी सरकार के गठन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद विषय पर हुई बैठक में यह तथ्य हमारे सामने आया कि देश में शेष नक्सल समस्या का अधिकांश हिस्सा छत्तीसगढ़ में ही था। ऐसे में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति से एक डेडलाइन तय हुई और हमारे सुरक्षाबल के जवानों ने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त बना दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास की अपार संभावना है। बस्तर का चित्रकोट जलप्रपात नियाग्रा के नाम से प्रसिद्ध है। धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों की सूची में शामिल किया है। वहाँ बम्बू राफ्टिंग जैसी पर्यटन गतिविधियां संचालित हैं और होम स्टे में पर्यटक आकर रुक रहे हैं। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई उद्योग नीति में पर्यटन को भी शामिल किया गया है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में धर्मांतरण रोकने सबसे सख्त कानून लाने वाला प्रदेश है। प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करवाने वालों पर अब कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अन्य प्रदेशों के कानूनों का विस्तार से अध्ययन करके छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंर्त्य बिल लाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पीएससी में भ्रष्टाचार करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई है। प्रदेश में अब पीएससी से लेकर सभी भर्ती परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो रही हैं और युवाओं के साथ उनके अभिभावक भी अब भर्ती प्रक्रिया को लेकर निश्चिंत हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार युवाओं से लगातार संवाद कर रही है। उनके सभी सुझावों का स्वागत है। युवा ही हमारे देश का भविष्य हैं। विकास की नीति निर्माण में युवाओं के सुझाव महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बहुल राज्य है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई ने जनजातीय विकास के लिए आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में छत्तीसगढ़ के 6 हजार गांवों को शामिल किया गया है। हमारे प्रदेश में 5 विशेष पिछड़ी जनजातियां निवास करती हैं, जिनके उत्थान के लिए हम कटिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं है। आज छत्तीसगढ़ में हर स्तर पर स्कूल संचालित हैं। हर ब्लॉक में कॉलेज हैं। बस्तर के नक्सलमुक्त होने के बाद वहां एजुकेशन सिटी बनायी जा रही है। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है।राज्य में शिक्षा मिशन पर भी काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के निकटवर्ती राज्यों में भी आदिवासी बहुलता है, इसे देखते हुए हमारा प्रयास है कि राज्य में ट्राइबल यूनिवर्सिटी भी स्थापित हो। जिसका लाभ इस क्षेत्र के जनजातीय बच्चों को मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। आज हमारे प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। पांच नए मेडिकल कॉलेजों को स्वीकृति मिल गई है।

## एक नजर

### आम लोगों को चाकू लहराकर डराने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**डोंगरगढ 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सरस्वती शिशु मंदिर के सामने एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखकर उसे लहराते हुए आम लोगों को डरा-धमका रहा है। मुखबिर सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी शुभम वर्मा पिता केशव वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी नाकापारा, वार्ड नंबर 01, डोंगरगढ़ को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 437/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है ।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 9 एवं 10 अगस्त को जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव 9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 9 एवं 10 अगस्त 2026 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 9 अगस्त को सुबह 11 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे कृष्ण कुंज जज कॉलोनी के पास रामकृष्ण नगर वार्ड क्रमांक 22 राजनांदगांव पहुंचकर 2000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.15 बजे कृष्ण कुंज रामकृष्ण नगर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.25 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष अपरान्ह 3 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3.10 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव पहुंचकर बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष अपरान्ह 3.40 बजे दिग्विजय स्टेडियम से कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 10 अगस्त को सुबह 7 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 7.10 बजे नंदई चौक राजनांदगांव पहुंचकर कांवड़ यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष सुबह 8 बजे नंदई चौक से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 8.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर क्लब चौक पहुंचेंगे एवं महाकाल यात्रा में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.50 बजे बसंतपुर क्लब चौक से कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से बढ़ी ऊर्जा आत्मनिर्भरता

**रायपुर, 9 अगस्त।** प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना सरगुजा जिले में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही आम परिवारों को बिजली खर्च से राहत दिलाने और ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। योजना का लाभ लेकर अंबिकापुर के मायापुर निवासी श्रीमती नीधि वर्मा का परिवार अब बिजली खर्च के बोझ से मुक्त होकर सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी जरूरतें पूरी कर रहा है। सोलर संयंत्र स्थापित होने के बाद उनके घर का बिजली बिल शून्य हो गया है। श्रीमती नीधि वर्मा ने बताया कि सोलर संयंत्र स्थापित करने से पहले उनके घर में प्रतिमाह लगभग 4 से 5 हजार रुपये तक बिजली बिल आता था। बढ़े हुए बिजली खर्च से परिवार के बजट पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता था। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सोलर संयंत्र स्थापित कराने के बाद अब घरेलू बिजली की जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी हो रही हैं और बिजली बिल लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि योजना ने परिवार को आर्थिक राहत देने के साथ बिजली की जरूरतों को पूरा करने का स्थायी और स्वच्छ विकल्प उपलब्ध कराया है। श्रीमती वर्मा ने बताया कि योजना के तहत उन्हें लगभग 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी मिली। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार की ओर से 30 हजार रुपये की सब्सिडी शामिल है। इस आर्थिक सहायता से सोलर संयंत्र स्थापित करने की लागत का बड़ा हिस्सा कम हुआ और उनके लिए सौर ऊर्जा अपनाना आसान हो गया। सौर ऊर्जा से मिलने वाले लाभ को साझा करते हुए श्रीमती नीधि वर्मा ने कहा कि पहले उनका परिवार केवल बिजली का उपभोक्ता था, लेकिन अब वे स्वयं बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। घरेलू आवश्यकता से अधिक उत्पादित बिजली विद्युत ग्रिड में वापस जाती है और नियमानुसार उसका लाभ भी प्राप्त होता है।

# पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपी खुशियों की चाबी

## आयुक्त वीबी जीरामजी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण

■ आवास निर्माण,जल सुरक्षा एवं ग्रामीण अधोसंरचना गुणवत्ता पर विशेष जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा,9 अगस्त।** आयुक्त व्हीबी -जी रामजी एवं संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण तारण प्रकाश सिन्हा शुक्रवार को बलौदाबाजार पहुंचे।इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

आयुक्त ने जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत बेमेतरा तथा जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सितदेवरी में विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत निर्मित आवासों का अवलोकन किया तथा आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से खुशियों की चाबी प्रदान की। हितग्राहियों से आवास निर्माण, प्राप्त सहायता, निर्माण की गुणवत्ता एवं योजना से उनके जीवन में आए बदलाव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र परिवारों को योजना का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें ।



आयुक्त ने व्हीबी- रामजी अंतर्गत जल सुरक्षा श्रेणी में निर्मित एवं प्रगतिरत कार्यों का भी विस्तृत निरीक्षण किया।इस दौरान नवीन तालाब, अमृत सरोवर, सैंड फिल्टर आधारित बोरवेल रिचार्ज संरचना तथा चेक डैम निर्माण कार्यों की स्थल पर तकनीकी एवं उपयोगिता संबंधी समीक्षा की । उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण से जुड़े कार्य केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि उनका चयन स्थानीय आवश्यकता, कैचमेंट, जलधारण क्षमता एवं दीर्घकालिक उपयोगिता के आधार पर किया जाए।

उन्होंने कहा कि व्हीबी-जी रामजी का उद्देश्य रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्राम पंचायतों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण, जल सुरक्षा को सुदृढ़ करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाना है। अतः योजना अंतर्गत स्वीकृत प्रत्येक कार्य का प्रत्यक्ष लाभ ग्रामीण समुदाय को दिखाई देना चाहिए।स्थल निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर सहज एवं आत्मीय वातावरण में चर्चा की तथा योजनाओं के क्रियान्वयन, स्थानीय आवश्यकताओं, रोजगार, आवास एवं विकास कार्यों के संबंध में उनके अनुभव और सुझाव सुने। उन्होंने मैदानी अमले को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की वास्तविक आवश्यकताओं को समझते हुए ग्राम सभा से अनुमोदित कार्ययोजना के अनुरूप प्राथमिकता आधारित कार्य संपादित किए जाएं।

इसके पश्चात जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक मे व्हीबी- जी रामजी एवं पीएम आवास योजना ग्रामीण सहित ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। आयुक्त ने योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध पूर्णता, श्रमिक नियोजन, तकनीकी मापदंडों के पालन तथा पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फील्ड निरीक्षण को नियमित कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाया जाए तथा प्रत्येक निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए। जल संरक्षण संरचनाओं के माध्यम से अधिकतम वर्षाजल संचयन, भू-जल स्तर में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में परिणामोन्मुखी कार्य करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं संबंधित जनपद पंचायतों के अधिकारी-कर्मचारी, तकनीकी अमला, पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विकासखंड भाटापारा में 10 अगस्त से एग्रीस्टैक पंजीयन शिविर

■ किसानों को मिलेगा आईडी,बकेट क्लेम का होग़ा समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 अगस्त।** राज्य शासन के निर्देशानुसार किसानों को डिजिटल पहचान देने के उद्देश्य से जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर विकासखंड भाटापारा में एग्रीस्टैक पंजीयन शिविर का आयोजन 10 से 24 अगस्त तक किया जाएगा।यह शिविर सभी ग्राम पंचायतों में

सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर के दौरान पटवारी एवं कृषि विभाग के अधिकारी शिविर स्थल पर मौजूद रहेंगे और मौके पर ही फार्मर आईडी बनाई जाएगी।किसानों की शंकाओं का समाधान किया जाएगा।आधार से लिंक मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगी।पंजीयन के लिये किसानों को अपने मूल आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ भूमिस्वामी का स्वयं उपस्थित होना जरूरी है।पूरी प्रक्रिया में आधार से लिंक मोबाइल पर 2 बार ओ टी पी आएगा, इसलिए स्वयं की उपस्थिति अनिवार्य है।

बताया गया कि एग्रीस्टैक केंद्र सरकार की डिजिटल कृषि पहल है। इसके तहत प्रत्येक भूमिस्वामी को एक यूनिक फार्मर आई डी दी जाएगी। कृषि विभाग के अनुसार कृषि भूमि धारण करने वाले हर किसान के लिए पंजीयन अनिवार्य है, चाहे जमीन का रकबा कितना भी छोटा हो। इस आईडी के माध्यम से किसान सीधे सरकारी योजनाओं, फसल बीमा एवं अन्य सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे।

कृषि विभाग द्वारा सभी भूमिस्वामी किसान भाइयों से अपील की गई है कि निर्धारित तिथि और समय पर शिविर में पहुंचकर अपना फार्मर आईडी अवश्य बनवाएं ताकि भविष्य में शासन की सभी कृषि योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल सके।अधिक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत, कृषि विभाग या राजस्व विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# फरार आरोपी नंदकिशोर उर्फ छोटे कट्टी पकड़ा गया

■ आरोपी पर था 5 हजार रुपए का ईनाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 9 अगस्त।** जिले की पुलिस द्वारा फरार एवं इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस चौकी मोहारा एवं साइबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम को लंबे समय से फरार चल रहे नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू उर्फ छोटे कट्टी (25 वर्ष), निवासी ग्राम मोहारा को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। ज्ञात हो कि कि 07 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस चौकी मोहारा की टीम ने कोटरीछापर रोड स्थित मुढिया नाला के पास दबिश देकर *मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की की 9 पेटी कीमत लगभग 60 हजार एवं एक ओला ईवी स्कूटी जब्त की थी। कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था, जबकि मुख्य आरोपी *नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू मौके से फरार हो गया था।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा ?5,000 का



इनाम घोषित किया गया* तथा जिला स्तर पर उसका इस्तेहार भी जारी किया गया था। लगातार तकनीकी निगरानी, मुखबिर सूचना एवं साइबर सेल के सहयोग से आखिरकार पुलिस द्वारा 08 अगस्त को आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार (छत्त 04 रुत्त 9461) को महाराष्ट्र में बेच दिए जाने की जानकारी दी। वहीं आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया गया है। वाहन की बरामदगी के संबंध में आगे की विवेचना जारी है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

# सोमनाथ धाम में महेश अग्रवाल मित्र मंडली ने कराया भंडारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 9 अगस्त।** लखना स्थित सोमनाथ धाम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल व मित्र मंडली द्वारा भंडारे का आयोजन। तिल्दा के ग्राम लखना स्थित सोमनाथ धाम में पूरे सावन महीने भर भक्तों का तांता लगा हुआ है, हर वर्ष यहां भगवान के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में आसपास सहित दूरदराज से लोग दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं, साथ ही पूरे सावन मास पर यहां पर अलग अलग भंडारे का आयोजन किया जाता है, आज शनिवार को सोमनाथ धाम में पूर्व नगर नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल एवं उनके मित्र मंडली द्वारा आम भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर भंडारे में भोजन ग्रहण किया। बता दें कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल के नेतृत्व में हर वर्ष सोमनाथ धाम में इसी तरह भंडारे का



आयोजन किया जाता है आज शनिवार को भंडारे में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और भोजन ग्रहण किया, इस अवसर पर महेश अग्रवाल, उनके मित्र मंडली सहित रमेश रिंकू अग्रवाल, सुनील अग्रवाल ,देवेंद्र अग्रवाल, मिंटी शर्मा, अभिषेक तिवारी, सनत गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विनय अग्रवाल, सहित अनेक लोगों ने भंडारे में पहुंचे लोगों की अगवानी की। भंडारे में तिल्दा नेवरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ खुमान वर्मा, कई पार्षदगण, गणमान्य नागरिकगण सहित कई जनप्रतिनिधि गण, अधिकारीगण एवं आम नागरिक भी उपस्थित हुए। और भोजन ग्रहण किए।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अन्नपूर्ति ग्रेन एटीएम का किया शुभारंभ

**रायपुर, 9 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज बिलासपुर के सरकंडा में अन्नपूर्ति ग्रेन एटीएम का शुभारंभ किया। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ कार्यक्रम से जुड़े। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहयोग से राज्य शासन के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा इसकी स्थापना की गई है। इसकी शुरुआत सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, आधुनिक एवं हितग्राही-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर विधायक श्री सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस अभिनव पहल को आम जनता को समर्पित करते हुए इसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली में तकनीकी नवाचार, पारदर्शिता एवं सुगम सेवा वितरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

# बल्दाकछार में परिक्षेत्र स्तरीय वन महोत्सव मनाया गया

■ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 अगस्त।** वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र बल्दाकछार में गुरुवार को परिक्षेत्र स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया।

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करने का एक जनआंदोलन है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक



वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों को वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, वन प्रबंधन समितियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता से ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि, जलवायु संतुलन एवं प्रकृति संरक्षण में जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को बताया गया कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। वन महोत्सव के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रकृति संरक्षण के इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम अर्जुनी (ब) स्थित गौठान में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानीय एवं उपयोगी प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजारसुश्री एकता कर सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही बलदाकछार वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले जनपद सदस्य, सरपंचगण, वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

# लॉ के विद्यार्थियों को पारिवारिक और सामाजिक उत्तरदायित्व की जानकारी दी

**राजनांदगांव ,9 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिकों सहित माता - पिता के भरण - पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 की बेहतर जानकारी प्रदान करने वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया गया ।इस दौरान विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के साथ उन्हें अच्छा लगने वाला संवाद भी किया । विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने बताया कि विगत दिनों विधि की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी से अवगत कराने वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया गया ।भारतीय कानून में माता -पिता सहित वरिष्ठ नागरिकों के भरण -पोषण एवं कल्याण के लिए अधिनियम 2007 को विशेष रूप से कानून का रूप दिया गया है ।वरिष्ठजनों के सम्मानपूर्ण जीवनयापन को लक्ष्य कर विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जमीनी हकीकत से अवगत कराया गया ।वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों ने वहां निवासरत लोगों से आत्मिक व्यवहार कर उनका दिल जीत लिया ।प्राचार्य डॉ.मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल कानूनी ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है वरन सामाजिक संवेदनशीलता , मानवीय मूल्य एवं उत्तरदायित्व का निर्वहन सीखाना भी है ।उक्त मानवीय शिक्षा भ्रमण के दौरान महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक अलका चौहान , डॉ.अतुल सोनी , सुश्री सुरभि , श्रीमती सोनाक्षी , श्रीमती प्रेरणा तिवारी सहित महाविद्यालय परिवार के कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई ।



# न पुलिस सुन रही, न सरकार, खम्हारडीह ऑक्सीजोन में थाना निर्माण से लोगों में नाराजगी





**» बरसों पुराने पेड़ों की कटाई पर उठे सवाल, हाईकोर्ट की सख्ती के बाद निर्माण पर रोक नहीं**

**रायपुर, 9 अगस्त।** राजधानी के खम्हारडीह क्षेत्र में ऑक्सीजोन की जमीन पर प्रस्तावित थाना भवन निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। रहवासियों का आरोप है कि वर्षों से विकसित इस हरित क्षेत्र को बचाने के लिए लगातार आपत्तियां दर्ज कराने के बावजूद पुलिस और प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी। लोगों का कहना है कि थाना निर्माण के लिए शहर में अन्य शासकीय भूमि उपलब्ध होने के बावजूद ऑक्सीजोन को ही निर्माण के लिए चुना जाना समझ से परे है।

खम्हारडीहवासियों के मुताबिक, थाना भवन निर्माण की सुगबुगाहट शुरू होते ही स्थानीय जागरूक नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। लगातार आवेदन और निवेदन देकर मांग की गई कि थाना भवन के लिए किसी अन्य स्थल का चयन किया जाए और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण ऑक्सीजोन को सुरक्षित रखा जाए। इसके बावजूद निर्माण कार्य आगे बढ़ता रहा और बड़े-बड़े पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई।

**रायपुर में ऑक्सीजोन के लिए भवन टूटे, यहां ऑक्सीजोन ही उजाड़ने का आरोप:** स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर शहर में ऑक्सीजोन विकसित करने के लिए शासकीय आवासीय भवनों तक को हटाया गया, वहीं दूसरी ओर खम्हारडीह में पहले से वर्षों से मौजूद ऑक्सीजोन को ही शासकीय भवन के निर्माण के लिए समाप्त किया जा रहा है। लोगों का सवाल है कि जब पर्यावरण संरक्षण को लेकर शहर में बड़े स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, तो फिर पुराने और विकसित पेड़ों से घिरे इस क्षेत्र को निर्माण से क्यों नहीं बचाया जा रहा है।

यह ऑक्सीजोन अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता पं. श्यामाचरण शुक्ल के निवास के समीप स्थित है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पं. शुक्ल इस क्षेत्र की हरियाली और जमीन को भू-माफिया से बचाने के प्रति लंबे समय तक सजग रहे। ऐसे में वर्षों पुराने इस हरित क्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### आपत्तियों के बाद हाईकोर्ट पहुंचा मामला

पुलिस प्रशासन द्वारा शिकायतों और आपत्तियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद कुछ लोगों ने न्याय की गुहार लगाते हुए उच्च न्यायालय, बिलासपुर का दरवाजा खटखटाया। याचिका में संबंधित स्थल के ऑक्सीजोन होने से जुड़े तथ्य प्रस्तुत किए गए। साथ ही पेड़ों की कटाई और निर्माण कार्य से संबंधित फोटोग्राफ सहित अन्य साक्ष्य भी न्यायालय के समक्ष रखे गए। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं।



इसके बाद उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति अमितेन्द्र किशोर प्रसाद ने संबंधित स्थल को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

### कोर्ट के निर्देश के बाद भी निर्माण कार्य पर रोक नहीं

न्यायालय ने निर्देश दिया कि आगे किसी भी पेड़ की कटाई नहीं की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित स्थल पर चल रहे खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के निर्माण कार्य को भी आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी इस पूरे मामले में प्रशासन और पुलिस विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए ऑक्सीजोन को सुरक्षित रखा जाए और थाना भवन के लिए किसी वैकल्पिक स्थल का चयन किया जाए। खम्हारडीहवासियों का कहना है कि विकास के नाम पर जरूरी शासकीय भवनों का निर्माण होना चाहिए, लेकिन इसके लिए वर्षों में विकसित हुए हरित क्षेत्र और बड़े पेड़ों की कीमत चुकाना उचित नहीं है। अब देखना होगा कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या थाना भवन के लिए कोई वैकल्पिक स्थल तलाशा जाता है।



# सवाल ये है हवा आई किसके इशारे पर... चराग किस के बुझे ये सवाल थोड़े ही है...

दो उपचुनाव से देश के जन मानस का संकेत मिल जाए ऐसा संभव नहीं है? लेकिन वह सीट भाजपा के चाणक्य की लॉयल्टी का परीक्षण हो, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष की साख दाँव पर लग रही हो, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि के लोगों के जीतने हारने का सवाल हो तो संकेत की प्रति ध्वनि समझनी चाहिए! बिहार में तो नीतीश को पिछले दरवाजे से अपदस्थ किया गया और सामाजिक न्याय विरोधी ओबीसी नेता को सीएम बनाया गया उसके बाद वहां के सामाजिक ताने- बाने में राजनीतिक परिवर्तन की प्रति छाया साफ साफ नजर आने लगी थी, दोनों चुनाव क्षेत्र जहां भाजपा की हालत पस्त नजर आ रही है, वहां भीतरघात का आरोप अमित शाह के समर्थकों पर लगने वाला है! अगर भाजपा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का बूथ हार जाती है, दतिया में नरोत्तम मिश्रा का भी बूथ हार जाती है तो सवाल और बड़े हो जाते हैं? दतिया हार के बाद मप्र के सीएम मोहन यादव के लिये भी मुसीबत का अध्याय प्रारंभ होने वाला है और बिहार में भी सम्राट चौधरी के सवाल पर दोबारा सोचना पड़ सकता है....! नीतीश इसके अपवाद थे, उनका राजनीतिक जन्म सामाजिक न्याय की पृष्ठभूमि से हुआ था! बिहार के संदर्भ में हमें यह भी समझ लेना चाहिए लालू यादव की तरह ना तो तेजस्वी, ना सम्राट जननेता है। बिहार मे अगड़ों का हिस्सा जिसमें ब्राह्मण, भूमिहार और राजपूत शामिल है मुख्यरूप से भाजपा समर्थक नहीं यादव विरोधी हैं साथ ही किसी ऐसे नेता को भी नहीं जो उनकी वरीयता को खारिज करता हो ठीक इसी तरह लवकुश और एससी का वोट भी भाजपा समर्थक नहीं होकर यादव विरोधी, सामाजिक न्याय की पक्षधर है! बिहार के सामाजिक ताने-बाने की अवहेलना करने की वजह से पिछले 8 बार से जीती जा रही नितिन नवीन की यह सीट भाजपा बुरी तरह से हार गई है! दतिया में नरोत्तम मिश्रा के विद्रोह को समायोजित करने सीएम यादव ने कांग्रेस के पुराने विधायक राजेंद्र भारती को तैयार कर लिया था और एक प्रशासनिक अधिकारी दामोदर यादव को आजाद समाज पार्टी से खड़ा कर कांग्रेस के प्रतिबद्ध वोटो में सेंध लगाने की कोशिश की थी, लेकिन कांग्रेस ने बहुत एकजुट हो कर, आक्रामकता से चुनाव को लड़ा, मप्र के नौजवान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के लिए यह जीत वरदान साबित हो सकती है! इस चुनाव से यह भी विश्लेषित किया जाएगा देश में एक अच्छे खासे प्रतिशत में 5द्गठ्ठ 5 का गुस्सा भी भाजपा के प्रति परिलक्षित हुआ है और राममंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद से चोटिल हिंदू आस्थाओं ने भी भाजपा की प्राथमिकताओं को बाय-बाय कहना प्रारंभ कर दिया है...!

### राष्ट्रपति के निमंत्रण पत्र में झिटकू-मिटकी



राष्ट्रपति भवन की ओर से 15 अगस्त के पावन अवसर पर भेजे जाने वाले प्रतिष्ठित 'एट होम' (At Home) निमंत्रण पत्र में इस बार छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और माटी महक को विशेष स्थान मिला है। देश के सबसे बड़े मंच पर बस्तर की लोक कला-परंपराओं की अनूठी चमक दिखाई दे रही है। राष्ट्रपति भवन के विशेष निमंत्रण पत्र पर बस्तर की पारंपरिक पिटवा कला, ढोकरा (बेल मेटल) शिल्प से उकेरी ऐतिहासिक लोकगाथा 'झिटकू-मिटकी' की प्रतीकात्मक आकृति को शामिल किया गया है। यह केवल एक कार्ड पर छपी तस्वीर नहीं है, बल्कि इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि बस्तर की प्राचीन लोककला राष्ट्रीय फ्लक पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी है। इस आमंत्रण में गोवा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र की पारंपरिक कलाओं के साथ छत्तीसगढ़ को भी महत्व दिया गया है।




### सांसद, आईएएस विवाद और लोकसभा

छ्ग राज्य बनने के बाद कहा जाता था कि भले ही सीएम की बात टाल दें पर बृजमोहन की बात काटने की हिम्मत किसी आईएएस की नहीं होती थी, जोगी-भूपेश के कार्यकाल में भी बृजमोहन कमजोर नहीं थे, पर साय सरकार बनने के बाद उनकी उपेक्षा किसी से छिपी नहीं है। छ्ग कैडर 2004 बैच के आईएएस, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया विशेषाधिकार हनन के मामले में फंस गए हैं।भाजपा वरिष्ठ नेता, सालों तक मप्र छ्ग में मंत्री रहे, सांसद, बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा अध्यक्ष से इसकी शिकायत की है। सांसद ने आईएएस अफसर पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है।आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग, यूपीएससी में ऑल इंडिया 18वीं रैंक, देश के सबसे अमीर नौकरशाहों में गिनती, अनूठी प्रोफाइल और 1 रुपए की सैलरी को लेकर चर्चा में रहनेवाले वरिष्ठ आई एएस अमित कटारिया अब एक बड़े विवाद में घिर गए हैं. छ्ग कैडर के दबंग अफसर के खिलाफ रायपुर से भाजपा के वरिष्ठ सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोस अध्यक्ष को विशेषाधिकार हनन की शिकायत भेजी है।जो करना है कर लो..... सांसद बृजमोहन ने प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव अमित पर जनप्रतिनिधियों की अनदेखी, अमर्यादित रवैये का बेहद गंभीर आरोप लगाया है। लोस सचिवालय को भेजी विशेषाधिकार हनन की शिकायत के अनुसार, आईएएस अमित कटारिया ने सांसद द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दों, पत्रों, बार- बार भेजे गए स्मरण पत्रों का महीनों तक कोई जवाब नहीं दिया उनके प्रति अफसर का रवैया गैर जिम्मेदाराना और अपमान जनक था, आईएएस कटारिया ने उसने कहा 'जो करना है कर लो' सांसद ने इस पूरे वाकये को संविधान के अनुच्छेद- 105 के तहत मिले विशेषाधिकारों का हनन बताया है।

### विजय बघेल ने भी की लोस अध्यक्ष से शिकायत.....



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बाद अब दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने विशेषाधिकार हनन की शिकायत की है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या राज्य के अधिकारी जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करने लगे हैं....? लगातार दूसरा मामला सामने आने से राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने भिलाई निगम के तत्कालीन आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, भिलाई -चरोदा निगम के आयुक्त डी एस राजपूत के खिलाफलोक सभा अध्यक्ष के समक्ष विशेषाधिकार हनन की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है।

### और अब बस...

» छग सरकार ने 'समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करने की दिशा में काम आगे बढ़ाया है।यूसीसी को लेकर गठित टीम ने आम लोगों से इसमें अपनी राय देने को कहा है, इसको लेकर 15 अक्टूबर तक का समय दिया गया है।

» राज्य के बहुचर्चित राम अवतार जग्गी हत्याकांड में दोषी ठहराए गए शूटर चिमन सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है।

# स्कूल में गुंडे बुलाकर छात्र की बेरहमी से पिटाई!

**रायपुर, 9 अगस्त।** भाठागांव स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल के अंदर एक साधारण विवाद ने पूरे शहर को हिला दिया। कक्षा 9वीं का एक छात्र अपने सहपाठियों से किसी बात पर भिड़ गया। लेकिन मामला इतना नहीं रुका। सहपाठियों ने बाहर से कुछ लड़कों को बुला लिया। फिर जो हुआ, वह स्कूल की दीवारों के अंदर अखाड़े जैसा नजारा बन गया।

वीडियो में साफ दिखता है—पीड़ित छात्र को घेर लिया गया। एक के बाद एक थप्पड़ पड़ने लगे। दावा किया जा रहा है कि महज 40 सेकंड के अंदर 46 से ज्यादा थप्पड़ जड़े गए। चेहरे पर लात भी मारी गई। लात-घूंसे और थप्पड़ों की बौछार के बीच किसी ने मोबाइल निकालकर पूरा सीन रिकॉर्ड कर लिया। मारपीट खत्म होने के बाद उसी वीडियो को रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। वीडियो तेजी से वायरल हो गया।

सबसे डरावना पल वह था जब मारपीट करने वाले एक युवक ने खुद को डॉन बताते हुए धमकी दी—उसकी पहुँच पुलिस से लेकर जज तक की है थाने में शिकायत करोगे तो भी कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। इन शब्दों ने पीड़ित छात्र और उसके परिवार में भय का माहौल बना दिया। सभी शामिल छात्र नाबालिग बताए जा रहे हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य को तुरंत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक डर और दबाव इतना बढ़ा कि छात्र ने आखिरकार स्कूल से ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) लेकर पढ़ाई छोड़ दी। परिवार का कहना है कि स्कूल में अब सुरक्षा का कोई भरोसा नहीं बचा।

पुरानी बस्ती थाने में परिजनों ने दोषी छात्रों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच कर रही है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। न सिर्फ शारीरिक चोट, बल्कि मानसिक आघात और सोशल मीडिया पर सार्वजनिक अपमान का सवाल भी उठ खड़ा हुआ है। शिक्षा के मंदिर में इस तरह की गुंडागर्दी और उसके बाद स्कूल प्रबंधन की कथित चुप्पी ने अभिभावकों में नाराजगी पैदा कर दी है। कई लोग पूछ रहे हैं—अगर स्कूल में ही सुरक्षा नहीं मिल सकती तो बच्चे कहां सुरक्षित रहेंगे?

# तिरंगा बाइक रैली में गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश



**रायपुर, 9 अगस्त।** युवा कैट द्वारा हर घर तिरंगा - हर दुकान तिरंगा अभियान के तहत आज भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में युवा व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता ने बताया कि रैली का उद्देश्य तिरंगे के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करना था। तिरंगा बाइक रैली को देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# हटकेश्वर महादेव का सहस्त्रधारा अभिषेक

**रायपुर, 9 अगस्त।** श्रावण मास के पावन अवसर पर महादेव घाट स्थित बाबा हटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के द्वारा भगवान भोलेनाथ के सहस्त्रधारा अभिषेक एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। वर्षो से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रावण मास में भगवान हटकेश्वर नाथ महादेव का विधिण्विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन एवं पूजन कर दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया



# सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज होना बघेल की नैतिक हार : भाजपा

**रायपुर, 9 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बृजेश पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका खारिज होने पर तीखा हमला बोला है। पाण्डेय ने कहा कि पाटन में 2023 के विधानसभा चुनाव में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट (आचार संहिता) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के खुले उल्लंघन को लेकर हाईकोर्ट में चल रही चुनाव याचिका की सुनवाई पर रोक लगवाने की भूपेश बघेल की नाकाम कोशिश उनकी घबराहट और बौखलाहट को उजागर करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में दखल देने से साफइनकार कर दिया है।



भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पाण्डेय ने कहा कि 2023 के चुनाव में साइलेंस पीरियड के दौरान नियमों को ताक पर रखकर प्रचार और रोड शो करने वाले भूपेश बघेल कानूनी जवाबदेही से बचने के लिए लगातार अदालतों के चक्कर काट रहे थे। जब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने उनकी अर्जी खारिज कर दी, तो वे राहत पाने सर्वोच्च न्यायालय पहुँचे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद अब उनके चुनावी भ्रष्टाचार और गैर-कानूनी हथकंडों की जाँच का रास्ता पूरी तरह साफहो गया है। पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं के चरित्र में लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है।

# प्रतिमा व कलश की स्थापना



**रायपुर, 9 अगस्त।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर के वाशक्षेप व आशीर्वाद से चमत्कारी 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप हेतु भैरव सोसायटी स्थित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में प्रतिमा कलश व अखण्ड दीपक स्थापना का महाविधान संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों भक्त गुरु चरणों में अपनी भावांजली अर्पित करते हुए दादा गुरुदेव से समाज व देश में सुख शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे, उपरोक्त जानकारी सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने देते हुए बताया की सर्वप्रथम विधिकारक विमल गोलछा द्वारा नवकार मंत्र का पाठ व मंत्रोच्चार करते हुए मंगल कलश में अक्षत भराया गया फिर अनमोल ममता दर्श जैन परिवार द्वारा कलश पर श्रीफल व लाल वस्त्र, केशर चंदन व बरक स्थापित किया गया।

# हरेली मनाएं, हरियाली बचाएं : डा. मिश्र

**रायपुर, 9 अगस्त।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने हरेली पर्व के अवसर पर नागरिकों से प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की प्रकृति, कृषि और हरियाली से जुड़ा प्रिय लोकपर्व है। यह पर्व प्रकृति तथा पेड़-पौधों के प्रति हमारे सम्मान और कृतज्ञता की भावना को व्यक्त करता है।बदलते समय में परंपराओं को प्रकृति के अनुकूल बनाना जरूरी डॉ. मिश्र ने कहा कि हरेली के अवसर पर बुरी नजर से बचाने के लिए नीम की पत्तियों अथवा छोटी टहनियों को घर के द्वार पर लगाने की परंपरा अनेक स्थानों पर प्रचलित है। कई लोग इन्हें अपने वाहनों पर भी लगाते हैं। लेकिन समय के साथ हमारी परिस्थितियाँ काफी बदल गई हैं। आज आबादी बढ़ने के साथ शहरों और गांवों में पेड़ों तथा हरित क्षेत्र पर लगातार दबाव बढ़ रहा है।



# अंबेडकर अस्पताल में अब गंभीर मरीजों को सीधे मिलेगी इमरजेंसी एंट्री

**रायपुर, 9 अगस्त।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के आपात चिकित्सा विभाग में मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच अब गंभीर मरीजों को इमरजेंसी तक पहुंचने के लिए भीड़ के बीच से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। मरीजों की सुविधा, सुगम आवाजाही और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने आपात चिकित्सा विभाग की प्रवेश एवं पंजीयन व्यवस्था में बदलाव किया है।

नई व्यवस्था के तहत ओपीडी गेट स्थित कक्ष क्रमांक 100, कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर (सीएमओ) कक्ष से आपात चिकित्सा की आवश्यकता वाले मरीजों का प्रवेश एवं पंजीयन किया जाएगा। सीएमओ कक्ष में मरीज की प्रारंभिक जांच के बाद गंभीर एवं तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता वाले मरीजों को बिना अनावश्यक विलंब के सीधे आपात चिकित्सा विभाग में भेजा जाएगा। इससे गंभीर मरीजों को इमरजेंसी तक पहुंचने में आसानी होगी और मरीजों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित हो सकेगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26